### खबर संक्षेप



## मेला क्षेत्र में उतरी एसपीओ टीम सीटी बजा कर किया रूट को डायवर्जन

**नैनी।** एसपीओ /पुलिस मित्र के प्रभारी अभय राज सिंह ने मेला क्षेत्र में ड्यूटी पर टीम एसपीओ को तैनात किया 14 जनवरी के पर्व को ध्यान में रखते हुए, अपने सहयोगी गण के साथ माघ मेला ड्यूटी में शामिल रहे !एसपीओ टीम अपने सभी वरिष्ठ अधिकारी उप प्रभारी परवेज अहमद , संगठन सचिव रविंद्र सिंह , जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली , मेला थानाप्रभारी रवि मिश्रा उपथाना प्रभारी घनश्याम जयसवाल विरेन्द्र कुमार पटेल संदीप विश्वकर्मा इकरामुल्लाह एरिया इंचार्ज सीनियर रामजी जयसवाल प्रदीप कुमार राकेश सोनकर संजीव वर्मा सुशील कुमार शर्मा पंकज मलिक विवेक पाल अपनी टीम के सदस्यों और पदाधिकारी के साथ शामिल रहे।

# बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने युवक को मारी गोली, घायल



अखंड भारत संदेश

**करछना।** औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत मुगारी गांव के रहने वाले संदीप चौधरी शनिवार को बाइक से कहीं जा रहा था। अभी वह घर से थोड़ी दूर पर चौराहे के पास पहुंचा था उसी दरमियान बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने युवक पर गोली मारकर मौके से भाग निकले। जिसके पीठ पर गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा। फायरिंग की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया जहां धीरे-धीरे घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना होने पर थाना प्रभारी संजीव कुमार चौबे मौके पर पहुंचे और घायल युवक को आनन-फानन में सीएससी करछना उपचार के लिए ले गए। जिसकी का हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिले के अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां उसकी ईलाज चल रही है। थाना प्रभारी संजीव कुमार चौबे ने बताया कि अभी घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजनों के तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## किराएदार के बेटे ने मकान मालिक को पीटा

### हंगामे की सूचना पर पहुंची थी पुलिस के सामने हुई पिटाई

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के मेवलाल बगिया के बगल में ट्रांसपोर्ट नगर मे शुक्रवार दोपहर किराए दार और मकान मालिक के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद किराए दार के बेटे ने मकान मालिक व उनके परिवार के सदस्यों से गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। मारपीट करते हुए स्थानीय लोगों ने वीडियों बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आकाश गुप्ता ने अपनी दुकान रामप्रताप को किराए पर दी थी रामप्रताप ने उसमें साड़ी की दुकान खोली थी। कुछ माह पहले उसमे आग लग गई थी। आकाश का आरोप है कि राम प्रताप ने पिछले कई माह से किराए भी नही दिया और नही जली हुई दुकान बनवा रहे थे। व्यापार मंडल नैनी अध्यक्ष राकेश जयसवाल ने बताया कि राम प्रताप से कई बार बात की गई लेकिन राम प्रताप ना दुकान बनवा रहे थे ना किराया देने के लिए तैयार थे वहीं राम प्रताप का आरोप है कि मकान मालिक ने उसमें बिना पूछे शटर लगवा लिया। जिसको लेकर शुक्रवार को विवाद हो गया। आकाश का आरोप है रामप्रताप और उनका बेटा कुछ लोगों के साथ मिलकर सड़क पर उसे और उनके परिवार को मारापीटा । आरोप है कि मारपीट के दौरान पुलिस भी मौजूद रही। वहीं मारपीट का वीडियों भी तेजी से वायरल हो रहा है। मामले में दोनों पक्षों से पुलिस को तहरीर दी गई है।



# नैनी अरैल क्षेत्र में एसडीएम करछना एवं एसीपी करछना ने संभाला मोर्चा

**नैनी।** माघ मेला 2023 का मुख्य स्नान पर्व मकर संक्रांति का बहुत बड़ा महत्व है आपको बता दें कि सूर्य का मकर राशि में प्रवेश करना ह्यमकर संक्रांन्ति कहलाता है। इसी दिन से सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं। शास्त्रों में उत्तरायण के समय को देवताओं का दिन तथा दक्षिणायन को देवताओं की रात कहा गया है। इस तरह मकर संक्रान्ति एक तरह से देवताओं की सुबह होती है। इस दिन स्नान, दान, जप, तप, श्राद्ध तथा अनुष्ठान का बहुत महत्व है। कहते हैं कि इस मौके पर किया गया दान सौ गुना होकर वापस फलीभूत होता है। मकर संक्रान्ति के दिन घी तिल कंबल खिचड़ी दान का खास महत्व है। इतिहास के बड़े भविष्य करता ऐसी मान्यता है कि गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर तीर्थ राज प्रयाग में ह्यमकर संक्रातिह्न पर्व के दिन सभी देवी-देवता अपना स्वरूप बदल कर स्नान के लिए आते हैं। आपको बता दे कि मकर संक्रांति स्नान को लेकर मेला प्रशासन एवं प्रयागराज पुलिस के तरफ से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं जगह-जगह बेरीकेटिंग और श्रद्धालुओं को आने जाने के रास्ते और गाड़ी पार्किंग स्थल बनाए गए हैं जिस पर प्रयागराज पुलिस पूरी तरह से नजर बनाए हुए हैं यमुनानगर नैनी अरैल क्षेत्र में भी एसडीएम करछना एवं ए सी पी करछना अजीत सिंह चौहान एवं नैनी थाना प्रभारी बृजेश सिंह नैनी थाना अपराध निरीक्षक मोहम्मद अली/नैनी थाना एसएसआई अजय कुमार सिंह अपने पुलिस बल के साथ एवं नैनी थाना एसपीओ पुलिस मित्र यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल अपने टीम के सदस्य सौरभ नाथ शुभम तिवारी अमित अग्रहरि अंकित कनौजिया अमन बालक विशाल सिंह अनु त्यागी अंकित सिंह सुरेंद्र सिंह आकाश पांडे नरेंद्र तिवारी वीरेंद्र कुमार के साथ सेल्फी प्वाइंट वीआईपी घाट लेप्रसी मिशन चौराहा एवं संपूर्ण मेला पैदल भ्रमण करते रहे।

# गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा : डॉ. वाचस्पति

### कामता प्रसाद सेवार्थ ट्रस्ट के बैनर तले समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** कामता प्रसाद सेवार्थ ट्रस्ट के बैनर तले विकास खंड शंकरगढ़ की ग्राम पंचायत पूरे बघेल में समरसता खिचड़ी भोज और कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह पटेल के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने सहभागिता की।

समरसता खिचड़ी भोज कार्यक्रम के चीफ गेस्ट बारा विधायक डा. वाचस्पति रहे। बारा विधायक ने कहा, समाज में गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गरीबों का सही मायने में उत्थान हो रहा है। गांव में अच्छी सड़कें, गरीबों को अनाज दिया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम आयोजक अश्वनी कुमार पटेल ने बताया कि स्व. बाबा कामता प्रसाद की प्रेरणा से अंत्योदय के उत्थान की दिशा में कामता प्रसाद सेवार्थ ट्रस्ट कार्यरत है। ट्रस्ट के माध्यम से असहाय, गरीब, वृद्ध, विधवा, दिव्यांगों के उत्थान का अनवरत प्रयास जारी है। आज के कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कंबल वितरण व खिचड़ी खिलाने का अवसर प्राप्त हुआ। इस मौके पर एसडीएम बारा, तहसीलदार रमेश मिश्र, राम सिया, छविनाथ, सत्यदेव, राम स्नेही, संतलाल, मुन्ना सिंह, रामहरख, हंसराज, मुंशीलाल, कल्लन सिंह, बालेंद्र, प्रमोद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संचालन अजय सिंह ने किया।

# अमर ज्योति अस्पताल के निदेशक डॉ आर पी पांडेय ने उपहार स्वरूप गरीबों में बांटे कंबल

अखंड भारत संदेश

**करछना।** तहसील क्षेत्र के निदौरी ग्राम पंचायत भवन में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने महिला अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद जरूरतमंद और गरीब परिवारों में कंबल भी बांटे गए।गोष्ठी में एसडीएम करछना डा. गणेश कुमार कनौजिया ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुविधा के लिए कई योजनाएं चला रही है। महिलाओं से कहा कि वे जुल्म के खिलाफ आवाज उठाएं, पुलिस और प्रशासन उनके साथ है। यह भी कहा कि गांव में छोटे-छोटे विवादों को खत्म कराया जा रहा है। तहसील प्रशासन के इस अभियान में सभी को जुड़ना चाहिए। अमर ज्योति जनहित समिति के चिकित्सक डॉ. आरपी पांडेय ने कहा कि समिति लोगों की मदद के लिए कार्य कर रही है।गांव में गरीब और जरूरतमंदों को संस्था की ओर से कंबल बांटे जा रहे हैं। थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह ने कहा कि महिलाएं सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की सहायता से कभी भी मदद प्राप्त कर सकती हैं। किसी भी दशा में अपराधी छोड़े नहीं जाएंगे।महिला हेल्प डेस्क के



जरिए महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष कुसुम पांडेय व प्रधान पंकज पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में जरूरतमंद और गरीब परिवारों को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ. केके शुक्ला, जनार्दन पांडेय, राजमणि उपाध्याय, त्रिवेणी मिश्रा, मकसूदन शुक्ला, रविकांत मिश्रा, संतोष पांडेय, तिलकधारी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### न्यूज झरोखा

## किसानों की समृद्धि के लिए इफको कार्डेट दृढ़संकल्पित : राजेन्द्र यादव

### समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत इफको कार्डेट ने देवनहरी गांव में गरीबों को दिया कंबल



**फूलपुर।** इफको कार्डेट समय-समय पर किसानों एवं जरूरतमंदों की मदद करने के साथ ही उन्हें नवीन तकनीक व जानकारियां उपलब्ध कराता है। किसान नई तकनीक का प्रयोग कर समृद्धिशाली बन सकता है। किसानों की सुख समृद्धि के लिए इफको कार्डेट दृढ़संकल्पित है। उक्त बातें शुक्रवार को देवनहरी गांव में गरीबों को कंबल वितरित करते हुए कार्डेट के प्रधानाचार्य राजेन्द्र यादव ने कही। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत किसानों के हित में समय- समय पर अनेक कार्यक्रमों का संचालन करती है। वहीं मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि हर सामर्थ्यवान ब्यक्ति को असहायों एवं जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए क्योंकि गरीबों की मदद करना ईश्वर की अराधना करने के बराबर है। उन्होंने कहा की शास्त्रों में भी कहा गया है कि परहित सरिस धर्म नहिं भाई पर पीड़ा सम नहीं अधमाई। इसलिए ब्यक्ति को जरूरतमंदों की पीड़ा को महसूस करना चाहिए। जिससे समाज में नैतिकता का विकास होने के साथ ही और समरसता का माहौल पैदा हो सके। कार्यक्रम का कुशल संचालन कृषि विशेषज्ञ डा० हरिश्चंद्र ने किया। प्रधान प्रतिनिधि गुलाब त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर गांव के चार दर्जन से अधिक गरीब विधवा व बुजुर्गों को ठंड से बचाव के लिए कंबल दिया गया।

## सराफा ब्यवसाई ने बाटा जरुरमंद लोगो को कंबल



**कोरांव।** ठंड के सीजन में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने का दौर तेजी से चल रहा है। कहीं अलाव जलवाए जा रहे हैं तो कहीं पर गरीबों के बीच गर्म व ऊनी कपड़ों का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरांव कस्बे के समाजसेवी अजयप्रकाश केशरी उर्फ डब्बू सर्राफ द्वारा जरूरतमंद परिवारों को कंबल का वितरण किया गया। शनिवार को जैसे ही अजयप्रकाश के द्वारा कंबल वितरण की खबर क्षेत में फैली, मौके पर जरूरतमंदों की भीड़ जमा हो गई। भारतीय जनता पार्टी से सभासद पद के संभावित दावेदार अजयप्रकाश केशरी ने नगर पंचायत कोरांव के बहादुरशाह नगर, चमनगंज, सुभाषनगर समेत अन्य नजदीकी मोहल्लों में जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा। इस दौरान पूर्व डिप्टी चेयरमैन ओमप्रकाश केशरी, ओंकारनाथ केश?ी, अभय केश?ी समेत तमाम स्थानीय लोग मौजूद रहे। अजय प्रकाश केशरी उर्फ डब्बू सर्राफ ने कहा, कंबल वितरण का यह सिलसिला अनवरत हर वर्ष जारी रहेगा। जरूरतमंदों के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे।

## उम्रकैद की सजा भुगत रहे हत्या के अभियुक्त की जमानत मंजूर, 16 वर्ष बाद मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 25 अगस्त 2006 से जेल में बंद हत्या के अभियुक्त की जमानत मंजूर कर ली है। साथ ही उम्र कैद तथा 25 हजार जुमार्ने की सजा के खिलाफ अपील को जुलाई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा सह अभियुक्त को राज्य सरकार ने रिहा कर दिया है। याची लंबे समय से जेल में कैद है। सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई में देरी है। इसलिए वह जमानत पर रिहाई का हकदार है। कोर्ट ने 50 हजार रुपये के व्यक्तिगत मुचलके तथा दो प्रतिभूतियों पर उसे रिहा करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर तथा न्यायमूर्ति नलिन श्रीवास्तव की खंडपीठ ने रईस इकबाल की चौथी बार दाखिल जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है। इससे पहले तीन बार दाखिल जमानत अर्जी कोर्ट खारिज कर चुकी है।अपर सत्र न्यायाधीश आगरा ने सात सितंबर 2007 को सजा सुनाई। सदर थाने में याची पर हत्या के आरोप में एफ आईआर दर्ज हुई। पुलिस चार्जशीट के बाद अदालत ने दोषी करार दिया और सजा सुनाई। इसे अपील में चुनौती दी गई है। कोर्ट ने कहा कि याची सौदान सिंह केस के फैसले के तहत जमानत पाने का हकदार है।

# तमसा के तीरे समरसता भोज में मिटी सामाजिक दूरियां

### जातिगत भेदभाव, छुआछूत मिटाने के उद्देश्य से समरसता सहभोज का आयोजन, तमसा के तट पर घोघर बीर बाबा के मेले में उमड़ी भारी, सैकड़ों लोगों ने की सहभागिता

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** मकर संक्रांति के पर्व पर तमसा नदी के तट पर स्थित घोघर बीर बाबा के प्राचीनतम मेले में समरसता सहभोज का आयोजन किया गया। जातिगत भेदभाव और छुआछूत को मिटाने के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में भारी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने सहभागिता की। बारा और कोरांव तहसीलों के मध्य स्थित घोघर बीर बाबा के क्षेत्रीय मेले में भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने खरीदारी भी की। बारा तहसील क्षेत्र के मवैया कला-जरखोरी में तमसा नदी के तट पर मकर संक्रांति पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले में भारी भीड़ जुटी। क्षेत्र के हजारों लोगों ने मकर संक्रांति के मौके पर तमसा नदी में स्नान कर पूजन-अर्चन किया। खिली धूप की वजह से भारी संख्या में क्षेत्रीय गांवों केलोगों ने इस ऐतिहासिक मेले का आनंद उठाया और मेले में गुड़ वाली जलेबी, लाई, चाट, मिठाई और खिलौनों की जमकर खरीदारी की।

इस दौरान मेला परिसर में समरसता सह भोज खिचड़ी का आयोजन भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान मवैया संतोष सिंह के द्वारा किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने खिचड़ी खाई। पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह ने कहा कि समाज में सामजिक समरसता के माध्यम से जाति-पाति व छुआ-छूत मिटाने के उद्देश्य से समरसता सह भोज का आयोजन किया गया, जिसे स्थानीय लोगों ने सफल बनाया। कार्यक्रम में धर्मराज पाल, सुधाकर सिंह, छेदीलाल आदिवासी, अतर सिंह कुशवाहा, अशोक सिंह, रामराज सिंह, बालेंद्र सिंह, पृथ्वीराज साहू, विश्वंभर मिश्र आदि शामिल हुए और सफल बनाया। वही कोरांव तहसील के महुली गांव में भी मकर संक्रांति के मौके पर मेले का आयोजन किया गया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टि से चौकी प्रभारी नारीबारी संतोष सिंह मय दल-बल के साथ मौजूद रहे।



## पुरे भुलई में सामाजिक समरसता व विचार गोष्ठी का आयोजन आज

**फूलपुर।** समाज में आपसी प्रेम व सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर फूलपुर के चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई गांव में एक सामाजिक समरसता व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवियों के साथ ही अन्य बुद्धजीवी समाज की प्रगति के लिए अपने विचारों को साझा करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक विजय चंद्र विश्वकर्मा व हरिओम प्रकाश ने संयुक्त रूप से बताया कि गोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष जगदीश गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि विहिप नेता सुरेन्द्र मौर्य होंगे। वहीं मुख्य वक्ता विजय पाल ने सभी से गोष्ठी में पहुंचने की अपील की।

# श्रीकृष्ण के पांव पूजन से हुंई धन्य : नीलम करवरिया

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** क्षेत्र के निबैया में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छटवें दिन धूमधाम से श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह उत्सव मनाया पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने पांव पूजकर आशिर्वाद लिया, उन्होंने लक्ष्मी नारायण की आरती-पूजा कर खुद और जन कल्याण के लिए प्रार्थना की।इस दौरान कथा वाचक शंभू शरण महराज ने कहा कि यहां कोई साधारण विवाह नहीं था, बल्कि परमात्मा का विवाह था। परमात्मा प्रेम से मिलता है रुकमणी मन ही मन परमात्मा के श्री चरणों में प्रेम करती थी लेकिन रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी रुक्मणी का विवाह शिशुपाल के साथ करना चाहता था। रुकमणी कोई साधारण स्त्री नहीं थी वहां साक्षात महालक्ष्मी का अवतार थी, और जब रुक्मणी ने देखा कि भाई हट पूर्वक विवाह शिशुपाल के साथ कराना चाहते हैं जिसमें मेरे पिता की इच्छा नहीं है तो रुकमणी ने एक ब्राह्मण के माध्यम से परमात्मा श्री कृष्ण के पास इस संदेश को भेजा। इस संदेश में रुक्मणी ने कहा कि परमात्मा मैं जन्म जन्मांतरो से आपके श्री चरणों की दासी हूं। आप मुझ पर कृपा कर मुझे अपने चरणों में आश्रय देने की कृपा करें। जब यहां संदेश परमात्मा श्री कृष्ण को प्राप्त हुआ तो उन्होंने ब्राह्मण को सम्मान विदा कर स्वयं पीछे से कुंडलपुर के लिए चले इधर रुकमणी जी मन में विचार करती है कि वह ब्राह्मण परमात्मा के पास मेरा संदेश लेकर पहुंचा अथवा नहीं, तभी उन्होंने देखा कि जिस ब्राह्मण को उन्होंने द्वारिका भेजा था वह ब्राह्मण लौटकर आ गया। रुकमणी के पूछने पर उसने बताया कि परमात्मा ने आपका संदेश सुन लिया है और वे कुंडलपुर आ रहे हैं। कुछ ही समय के बाद श्री कृष्ण कुंडलपुर को आते हैं रुक्मणी के पिता भीष्मक को जब यह बात पता चलती है तो उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहता है वे बड़े प्रसन्न होते हैं। कथा आयोजक ओपी शुक्ला ने पूर्व विधायक सहित कथा प्रेमियों के प्रति आभार जताया है। मौके पर राहुल दुबे ,धीरज दुबे ,राहुल मिश्रा, जितेंद्र शुक्ला, शिक्षक नेता मनीष तिवारी, विकास शुक्ल ,सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# सिपाही ने अश्लील वीडियो बनाकर किया दुष्कर्म

## उड़ीसा निवासी पीड़िता ने लगाए आरोप

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** खीरी थाने में तैनात सिपाही पर अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। उड़ीसा की रहने वाली युवती ने शुक्रवार को एसीपी कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दी। मामले में जांच के आदेश दे दिए गए हैं। भुक्तभोगी महिला ने शिकायती पत्र में बताया कि वह कटक, उड़ीसा की रहने वाली है और नेटवर्किंग कंपनी व लाइफ इंश्योरेंस का काम करती है। कंपनी के काम से वह अक्सर उड़ीसा से बाहर आया जाया करती है। इसी दौरान एक दिन खीरी थाने में तैनात सिपाही की उससे ट्रेन में मुलाकात हुई। इस दौरान उसने पॉलिसी लेने की इच्छा जताई और इस तरह से नंबर का आदान-प्रदान हुआ। आरोप है कि 19 नवंबर को सिपाही ने उसे अपना व कुछ अन्य लोगों का बीमा कराने के लिए अयोध्या बुलाया। तब वह वहां ड्यूटी के लिए प्रयागराज से आया था। आरोप है कि रात में वह उसे बहाने से अशर्फी चौराहे के पास स्थित होटल में ले गया। वहां उसने कुछ खाने-पीने को दिया जिसके बाद वह बेहोश हो गई। बाद में होश में आने पर सिपाही को अपने बिस्तर पर देखा। पूछने पर सिपाही ने मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाया और कहा कि मैंने तुम्हारा वीडियो बना लिया है। इसके बाद वह उसे ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता रहा। महिला का कहना है कि होटल से किसी तरह भागकर उसने अयोध्या के पुलिस अफसरों से संपर्क किया जिन्होंने कहा कि आरोपी प्रयागराज में तैनात है, ऐसे में वहीं शिकायत करो। इसके बाद शुक्रवार को उसने एडिशनल सीपी आकाश कुलहरि से मिलकर उन्हें शिकायती पत्र सौंपा। यह भी आरोप लगाया कि आरोपी व उसका पिता जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

शिकायत मिली है जिस पर संबंधित एसीपी को जांच का आदेश दिया गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**- आकाश कुलहरि, एडिशनल सीपी**

## हरे कृष्ण पाण्डेय बने जिला सहकारी बैंक के नामित अधिवक्ता



**कोरांव।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मेरठ द्वारा अधिवक्ता हाईकोर्ट हरे कृष्ण पाण्डेय को बैंकिंग मामले में पैरवी हेतु नामित किया गया। बैंक से संबंधित उच्च न्यायालय में दाखिल वादों की पैरवी हेतु बैंक प्रबंध समिति के अनुमोदन के उपरान्त शुक्रवार को नामित आदेश जारी किया गया। आदेश पत्र के माध्यम से अधिवक्ता हाई कोर्ट पाण्डेय को अवगत कराया गया है कि वादों की पैरवी का कोई मानदेय देय नहीं है बल्कि फीस का भुगतान केस टू केस किया जायेगा। फिलहाल मामले में न्याय चक्र फाउंडेशन के शीर्ष पदाधिकारी हरे कृष्ण पाण्डेय को जिला सहकारी बैंक का अधिवक्ता नामित होने पर अन्य पदाधिकारियों समेत अधिवक्ताओं ने बधाई दी और सहकारी बैंक प्रबंधन के उचित निर्णय की सराहना की। ज्ञात हो कि अधिवक्ता हाईकोर्ट हरे कृष्ण पाण्डेय कोरांव थाना क्षेत्र के करपिया गांव के मूल निवासी हैं जो अपनी कर्तव्यनिष्ठा के बदौलत गरीबों मजलूमों को न्याय दिलाकर समाज में एक अच्छी छवि स्थापित किए हैं।

## खबर संक्षेप

### श्रद्धालुओं के लिए 2800 बसों का संचालन

**प्रयागराज।** माघ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए परिवहन विभाग की ओर से पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं। मकर संक्रांति को देखते हुए शनिवार और रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ शहर में ज्यादा हो रही है। ऐसे में उन्हें आवागमन में सहूलियत हो इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से लगभग 2800 बसों का संचालन किया जा रहा है।हर 15 मिनट पर बसों को रवाना किया जा रहा है। इसमें 200 बसें रिजर्व में हैं, ताकि भीड़ ज्यादा होने पर उनका भी संचालन संबंधित रूट पर किया जा सके। परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिपाठी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए बसों का संचालन बढ़ाया गया है। इसकी निगरानी के लिए कंट्रोल भी बनाया गया है जहां से 24 घंटे बसों की मॉनिटरिंग की जाएगी।

### चौड़ा होगा कांवड़ यात्रा मार्ग, प्रयागराज से वाराणसी के मार्ग का प्रस्ताव तैयार नहीं टूटेंगे मकान

**प्रयागराज।** प्रयागराज से वाराणसी के बीच कांवड़ मार्ग का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। यह मुख्य मार्ग के दोनों तरफ 3.73 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। इसके लिए फुटपाथ एवं सर्विस लेन का इस्तेमाल किया जाएगा। सावन महीने में प्रयागराज से बड़ी संख्या में कांवड़िये काशी विश्वनाथ मंदिर में गंगाजल चढ़ाने के लिए वाराणसी जाते हैं। इनकी अधिक संख्या को देखते हुए अन्य वाहनों के लिए एक तरफ का मार्ग बंद कर दिया जाता है। इससे पूरे महीने जाम की स्थिति रहती है।इस समस्या के निदान के लिए प्रयागराज से वाराणसी बीच के अलग कांवड़ मार्ग का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग की ओर से इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इसे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अनुमति भी मिल गई है। डीएम संजय कुमार खत्री ने बताया कि कांवड़ मार्ग मुख्य मार्ग के दोनों तरफ बनेगा, जो 3.73 मीटर चौड़ा होगा। उनका कहना है कि प्रयागराज जिले के अंतर्गत शास्त्री ब्रिज से बरौत के बीच तीन प्रमुख बाजार हैं। इन बाजारों में फुटपाथ एवं जल निकासी वाले स्थान पर कांवड़ मार्ग बनाया जाएगा।



# संगम तट पर उमड़ा आस्था का रेला श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर गंगा, यमुना, अदृश्य सरस्वती की लहरों से भक्ति के सागर का मिलन आस्था के अनंत भावों का साक्षी बना। सूर्य के उत्तरायण होने से पहले आधी रात को ही भक्तिभाव की त्रिवेणी में संतों, भक्तों और कल्पवासियों का कारवां डुबकी लगाने लगा। इस बार पुण्यकाल के लिहाज से रविवार को भी संक्रांति की डुबकी लगेगी। मेला प्रशासन ने पहले दिन देर शाम तक 14 लाख लोगों के स्नान का दावा किया। श्रद्धालुओं ने शुक्रवार की रात दो बजे के बाद से ही संगम में डुबकी लगानी शुरू कर दी। भोर में आस्था पथ पर भक्ति की लहरें हिलोरें मारने लगीं। भगवान सूर्य के उत्तरायण होने का लोगों ने इंतजार नहीं किया । कोहरे के बीच थरथराती भोर में संगम में स्नान के लिए सिर पर गठरी लिए निकले श्रद्धालुओं का तांता लग गया। काली मार्ग हो या फिर त्रिवेणी मार्ग। हर तरफ से पड़ोसी राज्य के अलावा पूर्वांचल के गांवों, कस्बों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी की पावन धारा में गोता लगाना शुरू कर दिया। संगम नोज पर सर्वाधिक भीड़ रही। कोई लेटते हुए पहुंच रहा था तो कोई ढोल-नगाड़े के साथ नाचते-कीर्तन करते हुए। गंगा-यमुना के 16 घाटों पर स्नान की होड़ इसी तरह मची रही। सूरत से आई सुखमनी बेन ने पहली बार संगम में संक्रांति पर्व की डुबकी लगाकर घर, परिवार से लेकर पूरे समाज की उन्नति के लिए कामना की। इसी तरह गौतम बुद्ध नगर से बहू-बेटे के साथ आईं सुमित्रा सिंह डुबकी लगाने के बाद त्रिवेणी की पावन धारा को निहारती रहीं। उन्होंने पूरे परिवार की समृद्धि के लिए संकल्प लिया। वह कहती हैं कि मां गंगा सबका कल्याण करती हैं। माघ में संक्रांति का स्नान पूरी काया को धन्य बना देता है। ओल्डजीटी, गंगोली शिवाला के अलावा त्रिवेणी मार्ग से लगे रामघाट पर भी संगम के रूप में पुण्य की डुबकी लगाई गई। त्रिवेणी, काली सड़क और लाल सड़क से लोग कतारबद्ध होकर झोला, गठरी लेकर संगम की ओर बढ़ते रहे। कोई बुजुर्ग माता -पिता को स्नान कराकर पुण्य बटोरने निकला तो कोई पत्नी-बच्चों को लेकर। भीड़ में बिछुड़ने की चिंता की वजह से एक-दूसरे का हाथ थाम कर भी लोग चलते रहे, ताकि साथ न छूटने पाए। पौ फटने के साथ महावीर पांटून पुल से लेकर अकबर के किला स्थित वीआईपी घाट तक बनी सक्युर्लेटिंग एरिया स्नानार्थियों से खचाखच भरी रही। किसी के कपड़े खोते रहे तो किसी का झोला। लोग डुबकी लगाते, बिछड़ते और उसी घाट पर मिलते भी रहे।



### तीन हजार पुलिसकर्मी तैनात, पांच ड्रोन कैमरों से निगरानी

दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति के मद्देनजर मेला क्षेत्र में तीन हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। तीन एएसपी समेत कुल 19 अफसरों के पर्यवेक्षण में फोर्स सुरक्षा व्यवस्था में तैनात की गई है। 155 सीसीटीवी कैमरों के अलावा कुल पांच ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जा रही है। मेले में पीएसी की 10 कंपनियां पूर्व में ही तैनात थीं। मकर संक्रांति के लिए पांच अतिरिक्त कंपनियां भी एक दिन पहले ही आ गईं। इसके अलावा जोन के जनपदों में से 30 अतिरिक्त इंस्पेक्टर भी ड्यूटी में लगाए गए हैं। एसपी मेला सुरक्षा राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रिजर्व पुलिस लाइन माघ मेला के मानसरोवर सभागार में जवानों की ब्रीफिंग कर उन्हें दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान एडीजी जोन भानु भास्कर के अलावा पुलिस आयुक्त रमित शर्मा समेत अन्य अफसर मौजूद रहे। 155 सीसीटीवी कैमरे पूरे मेला क्षेत्र में लगाए गए हैं जिनके जरिए लाइव निगरानी की जा रही है। इसके अलावा ड्रोन कैमरों से भी संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। अरैल, परेड, संगम, झूंसी में ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। जवानों को उनके ड्यूटी प्वाइंट पर रात में ही तैनात कर दिया गया है। इससे पहले ब्रीफिंग कर उन्हें दिशा-निर्देश दिए गए। जल पुलिस के साथ ही एसडीआरएफ को भी तैनात किया गया है।





### शनि राशि परिवर्तन को लेकर संगम तट पर शुरू हुआ अनोखा पूजा पाठ



**शनि देव महाराज की 6 फीट लंबी प्रतिमा के सामने हर रोज श्रद्धालु करते हैं पूजा पाठ**

**प्रयागराज।** 17 जनवरी 2023 को होने वाले शनि राशि परिवर्तन को लेकर के पूरे देश भर के लोगों की निगाहें हैं । बताया जा रहा है 17 जनवरी के बाद कुछ राशियों के लिए अच्छे दिन बल्कि कई राशियों के लिए अशुभ समय आने वाला है। इसी को देखते हुए संगम के तट पर लगे देश के सबसे बड़े धार्मिक मेले के एक शिविर में हर रोज शनिदेव की पूजा की जाती है।साथ ही साथ वेदी लगा कर के जिन राशियों के लिए अशुभ घड़ी है उनको ज्यादा नुकसान ना हो इसके लिए प्रार्थना भी की जाती है। ग्रहनक्षत्र शिविर मे हर रोज सूर्य अस्त होने के बाद शनि देव को खुश करने के लिए श्रद्धालु पूजा पाठ में लीन रहते हैं। ज्योतिषाचार्य आशुतोष वार्ष्णेय ने बताया कि 17 जनवरी 2023 से शनि कुंभ राशि में प्रवेश कर जाएंगे जिससे 3 राशि में साढ़ेसाती लग जाएगी वो राशि मकर, कुंभ और मीन है जबकि दो राशि पर ढैय्या लगेगा और वह राशि है कर्क और वृश्चिक।इसके साथ ही साथ साढ़ेसाती से धनु राशि मुक्त हो जाएगी और धनु राशि वालों के लिए अच्छे दिन आने वाले हैं। मिथुन और तुला राशि भी ढैय्या से मुक्त होगी इसलिए इन 2 राशियों के लिए भी अच्छे दिन है। जबकि मेष ,सिंह, वृष और कन्या राशि पर कोई खासा प्रभाव नहीं पड़ेगा। उधर शनिदेव को मनाने के लिए हर दिन श्रद्धालु संगम की रेती पर पूजा पाठ करते हुए नजर आ रहे हैं।उधर ज्योतिषाचार्य आशुतोष वार्ष्णेय का कहना है कि माघ मेले के दौरान संगम तट पर अगर शनिदेव की पूजा हर दिन की जाए तो आने वाले राशि परिवर्तन में अधिक हानि होने की संभावना कम हो जाती है। इसके साथ ही सूरज डूबने के बाद शनिदेव की पूजा करने से हर कामना भी पूरी होती है। इसी वजह से जब से माघ मिले की शुरूआत हुई है तब से शनिदेव की पूजा की जा रही है।

## एंबुलेंस चालक की पिटाई मामले में अफसर पर गिरी गाज, काम पर लौटे त्रिवेणी अस्पताल के चिकित्सक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मकर संक्रांति स्नान पर्व पर शनिवार को वीआईपी घाट पर ड्यूटी के लिए जाते समय सायरन बजाने को लेकर एंबुलेंस रोकने और चालक की पिटाई करने के मामले में एसडीएम आशुतोष राय को हटा दिया गया है। अफसर को हटाए जाने के बाद चिकित्साकर्मी काम पर लौट आए हैं। एसडीएम की मौजूदगी में हुई मारपीट में त्रिवेणी अस्पताल के एंबुलेंस चालक समेत दो कर्मियों के घायल होने के मामले को लेकर अस्पाताल कर्मी हड़ताल पर चले गए थे।वीआईपी घाट पर ड्यूटी के लिए जाते समय रोक कर पिटाई किए जाने से त्रिवेणी अस्पताल के डॉ. फिरोज और एंबुलेंस चालक के घायल होने की जानकारी मिलने के बाद डॉक्टरों और कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू कर दी। जिसकी वजह से अस्पताल की सेवाएं पूरे दिन बाधित रहीं। जिससे संगम क्षेत्र में कल्पवास कर रहे कल्पवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान पांच सौ से अधिक मरीजों को अस्पताल के गेट से ही वापस कर दिया गया। मकर संक्रांति पर चिकित्सीय सेवा देने के लिए वीआईपी घाट पर तैनात डॉ.फिरोज खान अपने एंबुलेंस चालक से साथ सुबह संगम नोज जा रहे थे। अचानक कुछ लोगों ने एंबुलेंस चालक को रोक लिया और जबरिया हाथपाई करने लगे। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने अपना आईकार्ड दिखाया तो उसे फेंक दिया गया। आरोप है कि विरोध करने पर एसडीएम की मौजूदगी में डॉक्टरों समेत एंबुलेंस में मौजूद पैरा मेडिकल स्टाफ और चालक केसाथ मारपीट की गई। पैरामेडिकल स्टाफ आशीष गौतम ने बताया कि एसडीएम के साथ रास्ते में खड़े कर्मी एंबुलेंस के सायरन बजाने से नाराज होकर डॉक्टर और अन्य कर्मचारियों से मारपीट करने लगे। इसमें चालक का फोन टूट गया। इसके साथ दो वार्ड ब्वाय भी चोटिल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर सभी डॉक्टर और चिकित्साकर्मी हड़ताल पर चले गए। अस्पताल की अधीक्षक डॉ. अंकिता पांडेय ने बताया कि ओपीडी सेवाओं को बंद कर दिया गया था, लेकिन गंभीर रूप से बीमार मरीजों का उपचार जारी रहा। उनका कहना है कि यह पहला मौका नहीं है जब माघ मेले में ड्यूटी के दौरान डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के अभद्रता की गई हो। मेलाधिकारी की ओर से एसडीएम को हटाए जाने के बाद चिकित्सा कर्मी काम पर वापस आ गए हैं। अब सभी सेवाएं पूर्व की भांति सुचारु रूप से चल रही हैं। - **स्वास्थ्य प्रभारी एसडीएमओ डॉ. एके तिवारी।**

## किलाकर्मी को मारी गई गोली साइकिल चलाकर पहुंचा थाने

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के नई झूंसी वार्ड 17 कृष्णनगर कालोनी निवासी किलाकर्मी को उसके सहकर्मी ने पीछे से गोली मार दी। वारदात को अंजाम देकर वह भाग निकला। जख्मी युवक साइकिल से इलाज कराने अस्पताल पंहुचा तो डाक्टरो ने उसे थाने भेज दिया। वह कीडगंज से झूंसी थाने का चक्कर काटा उसके बाद झूंसी पुलिस आनन फानन में घायल को लेकर बेली पहुची डाक्टरो ने उसे बेली से एसआरएन रेफर कर दिया जहा उसका इलाज चल रहा है। झूंसी चौकी के कृष्णा नगर कॉलोनी में रहने वाला यशवंत ठाकुर 50 किला में नाई का काम करता है। शनिवार की शाम वह किला से साईकिल लेकर अपने घर पहुंचा और घर के बाहर साइकिल खड़ी कर साइकिल में ताला बंद कर रहा था आरोप है कि तभी उसका सहकर्मी विजय शंकर तिवारी जो उसका पड़ोसी भी है पीछे से गोली मार फरार हो गया। घायल यशवंत साईकिल चलाकर खुद का इलाज कराने कीडगंज के एक हॉस्पिटल में पहुंचा जहां डॉक्टरों ने एफआईआर कराने की बात कह कर इलाज करने से मना कर दिया तो वह कीडगंज थाने पहुंचा बताया जाता है कि थाने पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने घायल यशवंत को यह कहकर टरका दिया कि मामला झूंसी का है तब वह साईकिल लेकर झूंसी थाने पहुंचा और आपबीती सुनाई तो आनन-फानन में इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह घायल यशवंत को लेकर बेली अस्पताल पहुंचे जहां से डॉक्टरों ने उसे एसआरएन के लिए रेफर कर दिया एसआरएन में उसका इलाज चल रहा है गोली कमर के नीचे फसी है। पुलिस आरोपी विजय शंकर तिवारी जो मूलतः प्रतापगढ़ का रहने वाला है उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस की मानें तो मामला आशनाई का लग रहा है जांच चल रही है।

## न्यूज झरोखा

### महिला कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री को दी बधाई



**नैनी।** शनिवार को महिला मोर्चा यमुनापार के जिला अध्यक्ष सविता मिश्रा की अध्यक्षता में जी-20 के कार्यक्रम के लिए बधाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नम्रता चौरसिया जी काशी प्रांत अध्यक्ष महिला मोर्चा उपस्थित रही पहला कार्यक्रम रामलीला पार्क एडीए कॉलोनी में किया गया इस कार्यक्रम को प्रतिभा जी के द्वारा कराया गया एवं खिचड़ी भोज के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया इस कार्यक्रम में बहनों के द्वारा बहुत ही अच्छी ̆20 की रंगोली बनाई गई दूसरा कार्यक्रम शालिनी श्रीवास्तव जेपी नगर कृष्णा नगर में उनके आवास पर बनाया गया इसमें भी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सविता मिश्रा एवं काशी प्रांत महिला मोर्चा अध्यक्ष नम्रता चौरसिया जी के साथ साथ जिले के सभी पदाधिकारी महिलाएं उपस्थित रही इस कार्यक्रम की मंच संचालन गीता सिंह महामंत्री महिला मोर्चा के द्वारा किया गया विनीता श्रीवास्तव मिथिलेश श्रीवास्तव पत्रकार नीलम मिश्रा बबीता शर्मा पत्रकार सीमा द्विवेदी कीर्ति श्रीवास्तव विटोल मिश्रा नीतू केसरवानी सुधा श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी रचना त्रिवेदी पूनम शर्मा, सोना देवी नेहा सिंह नंदिनी सिंह ज्ञान सिंह नैंसी सिंह नैना सिंह अभय सिंह राम मिश्र प्रत्याशी प्रतिभा देवी, रूबी मिश्रा नेहा श्रीवास्तव सोनम सिंह रितु श्रीवास्तव पूनम मौर्या काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष शोभा द्विवेदी यमुनापार उपाध्यक्ष सावित्री प्रजापति आदि महिलाएं उपस्थित रहे और अधिक से अधिक महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हर महिला से हमारा निवेदन है कि हर महिला अपने घर के सामने जी-20 का लोगो बनाएं और अपने देश के झंडे के साथ खड़ी होकर अपने देश प्रेम को दिखाएं और इस कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा सफल बनाएं।

### अपनों ने किया किनारा, गैर बने सहारा

**परिजनों के मना करने पर महिला कल्प वासी का तीर्थ पुरोहित ने विधि विधान से कराया अंतिम संस्कार**

**नैनी।** संगम क्षेत्र में शुक्रवार को राम कथा सुनने के दौरान जान गवाने वाले वृद्धा श्यामा देवी का शनिवार को तीर्थ पुरोहित एवं बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे ने अंतिम संस्कार कराया सूचना के बाद उनके जान पहचान और रिश्तेदार लोग अरेल घाट पर लगे कैंप पर पहुंचे जरूर लेकिन अंतिम संस्कार में किसी भी प्रकार का सहयोग करने से मना कर दिया जिसके बाद तीर्थ पुरोहित में बेटी का फर्ज निभाते हुए वृद्ध महिला कल्पवासी का विधि-विधान से अंतिम संस्कार कराया। शुक्रवार को करछना तहसील अंतर्गत अरैल संगम तट पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय की ओर से 13 जनवरी से श्री राम कथा का शुभारंभ कराया गया है कथावाचक इंदु शेखर त्रिपाठी और गुरु श्याम दास महाराज की उपस्थिति में आज शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक श्री राम कथा का आयोजन हो रहा था। अखिल भारतीय ब्राह्मण सेवा समिति की ओर से आयोजित इस रामकथा का श्रवण करने आई एक महिला कल्पवासी की अचानक से तबीयत बिगड़ गई। उनके सीने में तेज दर्द उठा और अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई। जिससे राम कथा पंडाल में खलबली मच गई आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई।

### पुलिस ने तीन शातिरों को भेजा जेल

**झूंसी।** पुलिस ने शनिवार को तीन शातिरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पकड़े गए युवकों के पास से नशीला पावडर, चोरी का मोबाईल व बम बरामद हुआ है। झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज छतनाग नवीन सिंह ने माघ मेला के निकट उल्टा किला के पास से कौशाम्बी सरायअकिल थाने के पकौड़ा गांव निवासी दीपक पुत्र रमेश कुमार को गिरफ्तार कर उसके पास से 160 ग्राम नशीला पावडर बरामद किया। वही एसआई नवीन सिंह व धर्मेंद्र यादव के साथ मिल कर मेले में चोरी के फिराक में घूम रहे टीकरमाफी आश्रम के पास रहने वाले शिवम दुबे को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से एक मोबाईल बरामद हुआ।

### नहीं चली मेला स्पेशल ट्रेन और न ही चलीं अतिरिक्त बसें, शाम को आने वाली ट्रेनों में रही भीड़

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर उम्मीद से कम भीड़ होने की वजह से स्पेशल ट्रेन चलाने की जरूरत नहीं पड़ी। रामबाग से दो स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए समय सारिणी जारी की गई थी, लेकिन भीड़ न होने की वजह से चलाने की जरूरत नहीं पड़ी। यही हाल जंक्शन और संगम स्टेशन का भी रहा। हालांकि, शाम को अयोध्या, गोरखपुर आदि रूट से आने वाली ट्रेनें यात्रियों से ठसाठस आईं। प्रयागराज जंक्शन पर भी यात्रियों को रूट वार आश्रय स्थल से प्रवेश दिया गया, लेकिन दोपहर तक सामान्य दिनों जैसी ही आवाजाही रही। रूटीन ट्रेन में आने वाली भीड़ अन्य दिनों के मुकाबले शनिवार को ज्यादा रही। प्रयाग जंक्शन, प्रयागराज छिवकी का भी यही हाल रहा। रेलवे के मेला क्षेत्र स्थित काउंटर से शाम छह बजे तक अनारक्षित श्रेणी के कुल 72 टिकट बिके। यहां रिजर्वेशन करवाने वाले यात्रियों की संख्या 121 रही। वहीं प्रयागराज जंक्शन पर दिन भर में 3269, नैनी में 203 और प्रयागराज छिवकी में कुल 612 अनारक्षित श्रेणी के टिकट बिके। उधर, रोडवेज ने भी 2800 बसों को चलाने की तैयारी की थी, लेकिन अनुमान से कम भीड़ होने की वजह से अतिरिक्त बस चलाने की जरूरत नहीं पड़ी। दोपहर में दो बजे के आसपास सिविल लाइंस बस स्टेशन एकबारगी भीड़ काफी हो गई। इस दौरान वर्कशॉप में खड़ी कुछ बसों के आ जाने से हालात सामान्य हो गए। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि अनुमान के हिसाब से भीड़ नहीं थी। पर्व दो दिन है। इसलिए रविवार को भी 2800 बसों के संचालन की तैयारी है।

**जंक्शन के कंट्रोल टावर से होती रही निगरानी** : प्रयागराज जंक्शन पर रेलवे के कंट्रोल टावर में शहर के सभी रेलवे स्टेशन, मेला क्षेत्र एवं प्रमुख चौराहों पर लगे 250 से अधिक कैमरे की लाइव फुटेज आती रही। यहां आरपीएफ इंसपेक्टर पीके ओझा, एसके सिंह, बीके सिंह आदि कंट्रोल रूम से मेला क्षेत्र के साथ ही सभी स्टेशनों पर यात्रियों की आवाजाही की लगातार मॉनीटरिंग करते रहे।

**भीड़ रही कम, फिर भी बंद रहा रास्ता** : माघ मेले के दूसरे प्रमुख स्नान पर्व मकर संक्रांति के मौके पर स्टेशनों पर सामान्य दिनों जैसी ही भीड़ रही। इसके बाद भी प्रयागराज जंक्शन के सिविल लाइंस साइड से प्रवेश न दिए जाने की वजह से यात्रियों को लंबा चक्कर भी लगाना पड़ा।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक पर बैठी महिला की मौत

### बाइक सवार युवक की भी हालत गंभीर, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** बारा में तेज रफ्तार ट्रक की लापरवाही से बाइक में टक्कर लग गई। इस दौरान बाइक पर बैठी महिला अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरी। जिससे ट्रक का चक्का महिला के ऊपर चढ़ गया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है।घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के ललसहिया गांव के पास की है। जहां एक्सीडेंट की सूचना मिलने के उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया। लेकिन वहां पर मौजूद लोगों ने पुलिस का विरोध करते हुए गौहनिया से करछना जाने वाले मार्ग पर चक्का जाम कर दिया।मौके पर पहुंचे करमा चौकी प्रभारी उमाशंकर ने बताया कि मृतका का नाम शांति देवी पत्नी विजय राज पाल है। जिनकी उम्र 30 साल और वह थाना क्षेत्र के ही बगबना गांव की रहने वाली हैं। वहीं मौके पर मौजूद घायल छोटू पाल ने बताया कि वह अपनी मौसेरी बहन शांति देवी को उनके मायके रैपुरा जारी से बाइक से उनके ससुराल पहुंचाने जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उनकी बहन की मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने घायल छोटू पाल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा भेजा। इसके बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं ग्रामीणों व परिजनों ने चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे घूरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने उन्हें समझाया। लेकिन परिजन आला अधिकारियों के आने की मांग पर अड़े हुए हैं। इसके कारण एक घंटे से रास्ते पर आवागमन बाधित है। अश्वनी कुमार ने बताया कि अधिकारियों को एक्सीडेंट व चक्का जाम किए जाने की सूचना दे दी गई है। परिजनों को चक्का जाम समाप्त करने के लिए समझाया जा रहा है।

### बाइक से जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, उपचार के दौरान हुई मौत

**मऊआइमा।** मऊआइमा से अपने घर बाइक से जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जहां उसे नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई ने मुकदमा दर्ज कराया है। सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम मलाकपयागी खरगापुर निवासी बाल कृष्ण 38 वर्ष पुत्र स्वर्गीय काशी राम मऊआइमा से अपने घर जा रहा था। बताते हैं कि शुक्रवार को देर रात अज्ञात वाहन ने ग्राम हरिसेनगंज के पास बालकृष्ण को कुचल दिया। जहां उसे नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मध्य रात्रि को उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। मृतक के छोटे भाई पवन कुमार ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## बीपी मिश्र के निधन पर जताया गया शोक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के घुइसरनाथ रोड निवासी एवं राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज के पूर्व उप प्रधानाचार्य बीपी मिश्र 89 का शनिवार को लम्बी बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय विन्देश्वरी प्रसाद मिश्र हिन्दी के प्रख्यात व्याख्याता थे। नई दिल्ली के गुडगांव में इलाज के दौरान उनके निधन की जानकारी यहां पहुंची तो लोगों मे शोक छा गया। बीपी मिश्र के निधन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार शुक्ल, पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, डा. वीरेन्द्र मिश्र, डा. सौरभ मिश्र, डा. ओमप्रकाश शुक्ल, डा. हीरालाल शुक्ल, वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश तिवारी, डा. डीपी ओझा, डा. पूर्णिमा मिश्र, प्रो. राजकुमार पाण्डेय, आचार्य शक्तिधर नाथ पाण्डेय, विशालमूर्ति मिश्र, पं. रामफेर पाण्डेय, विनोद मिश्र, संजय मिश्र, डा. रमाशंकर शुक्ल आदि ने शोक जताया है।

# राजकीय सम्मान के साथ शिव बहादुर सिंह का शव पंचतत्व में विलीन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पश्चिम बंगाल में शहीद हुए एएसआई शिव बहादुर सिंह (53) वर्ष का आज राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बीएसएफ की प्लाटून ने उन्हें अंतिम सलामी दी। उत्तर प्रदेष शासन की ओर से मंत्री मंकेष्वरचरण सिंह ने उनके शव पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को 50 लाख रुपये का चेक दिया तथा घर के एक व्यक्ति को नौकरी व गांव की एक सड़क उनके नाम पर करने की घोषणा की।

उनके शव पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। बता दें कि एएसआई षिव बहादुर सिंह 76 बटालियन पष्चिम बंगाल में तैनात थे। वह ड्यूटी के दौरान शहीद हो गये थे। शुक्रवार की रात 11 बजे एएसआई षिव बहादुर सिंह का शव उनके पैतृक आवास बड़नपुर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। आज सुबह उनके शव को बीएसएफ के जवानों ने अंतिम सलामी दी। शनिवार को लगभग 11 बजे उनका शव पैतृक आवास से बगल के बाग में ले जाकर अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। बताया जाता है कि शहीद षिव बहादुर के पिता वंष बहादुर भी सेना में सुबेदार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। आज उनका बेटा भी देष की सेवा करते हुए शहीद हो गया। बता दें कि प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहीद षिव बहादुर सिंह की मृत्यु पर गहरा शोक जताते हुए परिजनों को 50 लाख की सहायता की घोषणा की थी जिसे लेकर आज प्रदेष के चिकित्सा शिक्षा मंत्री मयंकेष्वरचरण सिंह शहीद के घर पहुंचे थे। उधर शहीद शिव बहादुर के अंतिम संस्कार में उमड़ा जन सैलाब सभी ने नाम आंखो से वीर जवान को दी श्रृद्धांजली कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में डॉक्टर नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में शहीद शिव बहादुर सिंह को नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर डॉ वी के सिंह, वेदांत तिवारी, उत्सव भूषण, आशुतोष तिवारी, देवमणि पांडे, मो0 हुजैफ, आदि कांग्रेसी जन मौजूद रहे। उधर शिवबहादुर सिंह की अन्तिम संस्कार यात्रा में समाजवादी पार्टी के नि.जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव, नि.जिलामहासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, नरेंद्र पाल, संतोष यादव, अश्वनी सोनी, करोड़ीमल शर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय प्रताप सिंह, सिराजुल हक, तबारक हुसैन, कमलेश पटेल, विनोद यादव, शिवकुमार यादव, पूर्व मीडिया प्रभारी मनीष पाल सहित बड़ी संख्या में अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

### मंत्री मंकेश्वरचरण सिंह ने शासन की ओर से सौंपा 50 लाख का चेक



शहीद शिव बहादुर सिंह के पिता से मुलाकात करते मंत्री मंकेश्वरचरण सिंह।

### बीएसएफ के जवान की वीरगति पर प्रमोद व मोना ने दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बीएसएफ मे तैनात जिले के जांबाज जवान शिव बहादुर सिंह की वीरगति को लेकर कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि बीएसएफ ने एएसआई के पद पर तैनात शिव बहादुर सिंह ने सेवा के दौरान शहादत देकर प्रतापगढ़ के शौर्य की गाथा के इतिहास के पन्ने मे एक और अदम्य साहस का अध्याय देश के नाम किया है। वहीं रामपुर खास की विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी शहीद शिव बहादुर सिंह के वीरगति को लेकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश की आंतरिक सुरक्षा में उनके योगदान को अविस्मरणीय कहा है। सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना की ओर से यह जानकारी शनिवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी विज्ञप्ति मे दी गई है।

# पूर्व राज्यपाल के निधन पर जताया गया शोक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़ ।** पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल व उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष पं. केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर शोक-सभा राम निवास भवन पर सम्पन हुई जिसमे उपस्थित लोगो ने पंडित जी के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें अपनी झ अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की ।

डॉ. गौरव पाण्डेय एवं डॉ. सौरभ पाण्डेय पुत्रगण पं. प्रमोद कुमार पाण्डेय (वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष वकील परिषद् ) के संयोजन में हुई इस श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता जनपद के भामाशाह सियाराम उमरवैश्य व संचालन डॉ अमित पाण्डेय ने किया । शोक-सभा को संबोधित करते हुए पूर्व प्राचार्य डॉ लाल जी त्रिपाठी ने कहा कि पंडितजी का व्यक्तित्व विशालकाय था। राजनैतिक, सामाजिक व शैक्षिक दृष्टिकोण से वे सदैव अविस्मर्णीय रहेंगे, वरिष्ठ अधिवक्ता पं. राम सेवक त्रिपाठी ने पंडितजी को व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व संस्था के रूप में परिभाषित करते हुए उन्हें समाज का अग्ररूप बताया। शोक सभा को डॉ. आर.पी. चौबे, डॉ. शिवानी मातनहेलिया, पं. देवानन्द त्रिपाठी, आचार्य ओम प्रकाश मिश्रा आचार्य जी, सूर्य कान्त मिश्र निराला जी , विभूति पाण्डेय, राम कृष्ण मिश्रा गुड्डू, संजय त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया इस दौरान मुख्य रूप से राजा तिवारी, डॉ सुधान्सु त्रिपाठी जय प्रकाश सिंह, हरीश ओझा, के. पी. सिंह, अशोक शुक्ला, कैलाश मिश्रा, राम अवध मौर्या, विश्वम पाण्डेय, डॉ नितीश सिन्हा, महेंद्र सिंह, देवव्रत त्रिपाठी, डॉ मृदुल उपाध्याय, सत्य प्रकाश सिंह, मो.सैफ शकुन्तला पाण्डेय, विनोद कुमार पाण्डेय, विरज पाण्डेय, विभूति पाण्डेय, अनन्य पाण्डेय, अनमोल पाण्डेय, डॉ शुचिता, आस्था पाण्डेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

# सामाजिक समरसता का पर्व है मकर संक्रांति: रमेश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आरएसएस ने मकर संक्रांति के अवसर पर मकर संक्रांति उत्सव कार्यक्रम का आयोजन नगर स्थित शहीद उद्यान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व सामाजिक समरसता का पर्व है।

उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा सभी को साथ में लेकर चलने की है। सब समाज को लिए साथ में आगे है बढ़ते जाना, यह भाव हम सभी के मन में होना चाहिए। हम सभी को नर में नारायण और नारी में नारायणी के स्वरूप का दर्शन करना चाहिए। हम सभी मां भारती की संतति है। हम सभी के लिए राष्ट्र सबसे पहले हैं। कार्यक्रम के आरंभ में पंडित आलोक मिश्र के स्वस्तिवाचन के साथ प्रांत प्रचारक रमेश और सम्मानित संघचालक द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर विभाग संघचालक रमेश चंद्र त्रिपाठी, जिला संघचालक चिंतामणि द्विवेदी, सह नगर संघचालक नितेश खंडेलवाल,जिला कार्यवाह डॉक्टर सौरभ पांडेय, जिला प्रचारक शिवप्रसाद, प्रचार प्रमुख प्रभाशंकर पांडेय, आलोक गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र, आशीष श्रीवास्तव, शिव शंकर सिंह, राजेश सिंह, दिनेश अग्रहरि, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, गौरी शंकर सिंह, शीतांशु ओझा, अजय पांडेय, भूपेंद्र सिंह, डॉ रघुनाथ शुक्ला, सर्वोत्तम, रमेश पटेल, संदीप रावत, हरी प्रताप सिंह, पिंकी दयाल, प्रमिला शुक्ला, राजा सिंह,अशोक शर्मा, ज्योति जायसवाल, अनीता पांडेय, देवापि, पीयूष, सुरेंद्र प्रसाद, राजेश मिश्रा, विनोद मिश्रा, सुनील दुबे, ओम प्रकाश त्रिपाठी, अवधेश मिश्र, पंकज तिवारी ,चंद्रमणि, शिशिर खरे, डॉ बृज भानु सिंह आदि उपस्थित रहे।

### शहीद उद्यान में आयोजित हुआ मकर संक्रांति उत्सव




मकर संक्रांति उत्सव कार्यक्रम में बोलते काषी प्रांत प्रचारक रमेश।

### भक्तों ने लिया खिचड़ी का प्रसाद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़ं।** चिलबिला स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में शनिवार को खिचड़ी प्रसाद का आयोजन हुआ। सबसे पहले लक्ष्मी नारायण का पूजन हुआ। उनकी आरती उतारी गई। उसके बाद आने वाले भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रसिद्ध व्यवसाई जय नारायण अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नीतू, राजेश अग्रवाल, वेंकटेश श्रीनिवास सहित सैकड़ों भक्तों ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई।

## आधा दर्जन के खिलाफ बलवा समेत गंभीर धाराओं में केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना मे आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है। सलेम भदारी महंगुआ निवासी जगदेव के पुत्र राधेश्याम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि शुक्रवार को सुबह साढे सात बजे जमीनी विवाद को लेकर रंजिशन गांव के जीतलाल, भोला वर्मा तथा पडोसी गौसपुर के आशीष व इसी गांव के पप्पू वर्मा एवं अंकित तथा अनुज ने उसके भाई को लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। बीचबचाव के लिए वह गया तो उसे भी आरोपियो ने गाली देते हुए मारापीटा। हल्ला मचाने पर आरोपियो ने जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# हिमांचल सरकार का पुरानी पेंशन योजना लागू करना साहसिक निर्णय: प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य एवं स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने हिमांचल प्रदेश में कांग्रेस की राज्य सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने के निर्णय को साहसिक कहा है।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि हिमांचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपनी कैबिनेट की पहली बैठक मे ही कांग्रेस पार्टी का वायदा निभा दिया है। उन्होनें यह भी कहा कि जिन जिन प्रदेशो मे कांग्रेस चुनकर सत्ता मे आयी वहां वहां पार्टी ने जनता से किया गया अपना वायदा पूरा किया है। शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर रामपुर खास पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि हिमांचल का यह फैसला एक ताजा सबसे बड़ा उदाहरण है कि कांग्रेस जनता से जो वायदा करती है उसे पूरा करने के लिए वह वायदा वचन हुआ करता है जबकि भारतीय जनता पार्टी की तरह जनता से किये गये वायदे सिर्फ जुमले हुआ करते हैं। इसके पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने क्षेत्र के मुस्तफाबाद, राहाटीकर, आमीशंकरपुर, सांगीपुर, शुकुलपुर, घुइसरनाथ धाम, पूरे टीकाराम, चकौडिया, देवापुर, मेढ़ावा में भी लोगों से मुलाकात कर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यो में सहयोग मांगा। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, लालगंज प्रमुख अमित सिंह पंकज, प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, छोटे लाल सरोज, पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी, रामबोध शुक्ल, केडी मिश्र, रामू मिश्र, शास्त्री सौरभ, श्रीकान्त मिश्र, इम्तियाज खां, दयाराम वर्मा, रवीन्द्र गुप्ता आदि रहे।

### राज्यसभा सदस्य ने मंहगाई पर मोदी सरकार को घेरा

# गुरुद्वारा में उत्साह के साथ मनाया गया लोहड़ी पर्व

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़ ।** गुरुद्वारा गुरु नानकशाही बाबागंज व गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा पंजाबी कालोनी में लोहड़ी का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा नानकशाही बाबागंज में 8.30 से 9.30 बजे तक लोहड़ी जला कर प्रोग्राम किया गया। उसके बाद सभी संगते गुरुद्वारा सिंह सभा पंजाबी कालोनी पहुंची जहां 9.30 से 10.00 बजे तक गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी भाई मनोहर सिंह ने अपने जत्थे के साथ सबद कीर्तन गायन किया। बस्ती जिला से पधारी बीबी परविंदर कौर ने अपने जत्थे के साथ शब्द कीर्तन किया। 11.20 बजे अरदास हुई व प्रसाद वितरण किया गया।

10.30 बजे से लोहड़ी हंगामा शुरू हुआ प्रागण में अग्नि जला कर उसके बड़े बुजुर्गों व सभी आयु के लोगो ने अग्नि की परिक्रमा करते हुए, लाई लावा गुड़ तिल मुगफली आदि अग्नि को भेंट किया व देश व कौम की खुशहाली के लिए अरदास की,सभी ने अपने बड़ों का आशिर्वाद लिया। ढोल नगाड़ों की थाप पर युवक व युवतियों ने पारंपरिक गिद्धा व भंगड़ा डांस किया व पारंपरिक गीत गाकर खूब धमाल मचाया। लोहड़ी पर्व उन परिवारों के लिए और भी महत्व पूर्ण होता है जहाँ नवबधु या पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई हो। अंत मे सभी ने गुरु के लंगर विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाया भोजन ग्रहण किया एवं एक दूसरे को बधाई दी गई। इस मौके पर कुलदीप सिंह अध्यक्ष, सतनाम सिंह ,जसबीर सिंह रघुवीर सिंह, मंजीत सिंह गोबिन्द, जगमीत सिंह, परमजीत सिंह, सरबजीत सिंह सतबीर सिंह सुरजीत सिंह कुलविंदर सिंह, सोनू विशु आदि मौजूद रहे।

### सबन कीर्तन व प्रसाद वितरण का हुआ आयोजन



लोहड़ी पर्व पर भंगड़ा डांस करते लोग।

# वृद्धा व विधवा महिलाओं को ग्राम प्रधान ने वितरण किया कम्बल



असहाय को कम्बल वितरित करते ग्राम प्रधान।

खंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** निर्धन व असहाय वृद्धा व विधवा महिलाओं को ब्लाक कालाकांकर की ग्राम पंचायत बाजिदपुर के पूर्व ग्राम प्रधान एवं वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रकाशचन्द त्रिपाठी ने प्रधान पति वृंदावन वर्मा व सहयोगियों के साथ शनिवार को अपने बाजिदपुर कार्यालय में लगभग 100 गरीब वृद्धा व विधवा महिलाओं को कम्बल वितरण किया।इस दौरान उन्होनें कहा कि सच्चे मन से गरीब की सेवा करने से उसका फल जल्दी मिलता है गरीब की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। इस तरह की कड़ाके की ठंड में ग्राम प्रधान द्वारा कम्बल वितरण करने पर आस पास के लोग प्रशंसा करने से पीछे नही हट रहे है। कम्बल वितरण में मुख्य रुप से शिवांश त्रिपाठी, प्रेमचन्द्र त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी बीडीसी, संजय त्रिपाठी जनसत्तादल पार्टी ब्लाक अध्यक्ष कालाकांकर, राजेश कुमार साहू, जगदेव प्रसाद वर्मा, विष्णुलाल, रामराज, गंगा प्रसाद वर्मा, मुबारक अली, मो0 रिजवान आदि लोग मौजूद रहे।

## अभविप ने जरुरतमंदों को बांटे वस्त्र

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एबीवीपी कार्यकताओं ने युवा पखवाड़ा एवं मकर संक्रांति पर्व पर चिलबिला ओवरब्रिज के नीचे ,रामलीला मैदान के बगल सेवा बस्ती में जरूरतमंद को वस्त्र वितरण एवं गोशालाओ व सडक पर टहल रही गायों को जूट के बोरे पहनाया। एसएफएस के जिला प्रमुख अंकित शुक्ल ने कहा विद्यार्थी परिषद अपनी गतिविधि स्टूडेंट फार सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों में समाजसेवा का भाव जागृत करने का कार्य करती है। नगर संयोजक कुणाल सिंह, जिला संयोजक रमेश सिंह पटेल, पट्टी संयोजक बाला जी ओझा, यशस्वी सिंह, ज्योति जयसवाल, अक्षत जायसवाल, अंकीत शुक्ल, ध्रुव शुक्ल, अतिथि शर्मा, कुनाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जरुरतमंद लोगों को वस्त्र बांटते अभविप पदाधिकारी।

## ठंड से बचाव के लिए छात्राओं को वितरित किया गया जैकेट

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ठंड से बचने के लिए विद्यालय की एक दर्जन छात्राओं को जैकेट वितरित किया गया। इस दौरान विद्यालय के पदाधिकारी तथा अध्यापक मौजूद रहे। पट्टी तहसील क्षेत्र के ढिढुई में स्थित सेवाश्रम इंटर कॉलेज में शनिवार को एक दर्जन छात्राओं को ठंड से बचने के लिए विद्यालय के प्रबंधक दामोदर प्रसाद पांडे प्रधानाचार्य कमल कुमार सिंह संरक्षक अरविंद कुमार पांडे व कार्यालय प्रभारी जयप्रकाश श्रीवास्तव ने विद्यालय के एक दर्जन छात्राओं को ठंड से बचने के लिए जैकेट वितरण किया इस दौरान प्रधानाचार्य कमल कुमार सिंह ने कहा कि ठंडी अपने चरम पर है ऐसे में बचाव बहुत ही आवश्यक है वितरण कार्यक्रम में सहायक अध्यापक अखिलेश मणि त्रिपाठी, आलोक कुमार त्रिपाठी, रमेश चंद्र, अलका दुबे सहित कई लोग मौजूद रहे।

## टीकाकरण अभियान की शुरूआत आज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहरी क्षेत्रों में बच्चों के नियमित टीकाकरण का औसत ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा कम होने की स्थिति में शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण को सुदृढ करने के लिए जिला अस्पतालों तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो में प्रतिदिन टीकाकरण करवाने का निर्देश दिया गया है। इसी के क्रम में 15 जनवरी 2023 को प्रतापगढ़ शहर के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतनगर में इस अभियान का शुभारंभ किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए समन्वयक आकाशदीप ने बताया है कि जिन अभिभावक को अपने बच्चों या गर्भवती महिला का टीकाकरण करवाना वे इसका लाभ उठायें। साथ ही जिला महिला अस्पताल में भी नियमित टीकाकरण की सेवा दी जायेगी।

## आशीर्वाद कार्यक्रम आज

**प्रतापगढ़।** 15 जनवरी को सुबह नौ बजे बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप की तरफ से रीवर डेल पब्लिक स्कूल सियाराम कालोनी में आशीर्वाद कार्यक्रम रखा गया है। जिसके मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज हरदोई के प्राचार्य डाक्टर आर्य देशदीपक और विशिष्ट अतिथि डाक्टर मनोज खत्री, प्रिंसिपल इमरान खान होंगे। यह जानकारी ग्रुप के वरिष्ठ सहयोगी अश्वनी केसरवानी ने दी है।

## एक नामजद व दो आरोपियों के खिलाफ राहजनी का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने एक नामजद आरोपी समेत दो अज्ञात के खिलाफ राहजनी तथा मारपीट व जानलेवा धमकी को लेकर केस दर्ज किया है। कोतवाली के भटनी निवासी राजेन्द्र सोनी के पुत्र अभय सोनी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि तेरह फरवरी की सुबह वह घर के समीप नहर की पुलिया पर बैठा था। इस बीच एक बाइक से तीन बदमाश वहां आ धमके। बदमाशो ने पीडित पर तमंचा सटाकर पांच हजार रुपए नकद व मोबाइल छीन लिया।

शोर मचाने पर आरोपियो ने पीडित को तमंचे की नोंक पर जानलेवा धमकी दी। इस बीच ग्रामीण जुट गये और बदमाशो की घेराबंदी करने लगे। इनमे से एक बदमाश राजेन्द्र नगर लालगंज निवासी राजकुमार का पुत्र शिवा कश्यप को ग्रामीणों ने दबोच लिया। ग्रामीणों ने उसकी ठुकाई भी कर दी। इस बीच बाइक पर सवार होकर दो बदमाश भाग निकले। पुलिस ने ग्रामीणो द्वारा पकडे गये आरोपी को कब्जे मे लिया और शुक्रवार की रात घटना मे केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक पकडा गया आरोपी बाल अपचारी है जिसे बाल न्यायालय में भेजा गया है।

## समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने सुनीं शिकायतें

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार को थाना समाधान दिवस मे यहां कोतवाली मे एसडीएम तथा सीओ ने संयुक्त रूप से शिकायतों की सुनवाई की। अफसरों ने शिकायतो की सुनवाई करते हुए मातहतो को मौके पर जाकर निस्तारण कराए जाने के कडे निर्देश दिये। एसडीएम सौम्य मिश्र ने शिकायतो की सुनवाई करते हुए समाधान दिवस मे जमीनी विवाद से जुडे मामलो मे पुलिस एवं राजस्व टीम का गठन किया। वहीं सीओ रामसूरत सोनकर ने पुलिस से जुडी शिकायतो की सुनवाई करते हुए हल्का दरोगाओं को मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की मौजूदगी में शांति व व्यवस्था के बाबत निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिये। समाधान दिवस का संचालन प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने किया। समाधान दिवस में कुल छः शिकायतें आयीं। इनमें से दो का अफसरों ने निस्तारण कराया।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले गया युवक

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोचिंग के लिए गई एक छात्रा को आरोपी युवक भगा ले गया। पीड़ित के पिता ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया तो पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पट्टी तहसील क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक नाबालिग किशोरी क्षेत्र के एक कोचिंग संस्थान में पढ़ती है। शुक्रवार को कोचिंग पढ़ने के लिए गई लेकिन वहां से नहीं लौटी तो पीड़ित के पिता ने काफी खोजबीन किया और तीन लोगों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया पुलिस ने किशोरी को भगाने में तीन लोगों के विरुद्ध का मुकदमा दर्ज किया है।

## ठंड लगने से ट्रेन यात्री की हालत बिगड़ी, भर्ती

**प्रतापगढ़।** दिल्ली से आ रही पदमावत एक्सप्रेस में सफर के दौरान ठंड लगने से अधेड़ यात्री की तबियत बिगड़ गई। प्रतापगढ़ में जीआरपी ने एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल भेजा। जिससे उसकी जान बचाई जा सके। जानकारी के अनुसार कंट्रोल से प्रतापगढ़ स्टेशन प्रशासन को सूचना मिली कि एक यात्री जिसकी उम्र करीब पचास वर्ष है, ठंड लगने से उसकी हालात खराब हो गई है। सूचना मिलने पर जीआरपी ने ट्रेन से उसे उतार कर एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा। एसओ मोहम्मद राशिद खान ने बताया कि यात्री का नाम अशोक कुमार सिंह हैं। वह ग्राम बलिया थाना कुटुंबा जिला औरंगाबाद बिहार का रहने वाला है। उसको ठंड लग गई थी। 108 एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। तलाशी के दौरान उसके पास से बारह सौ दस रुपए और मोबाइल मिला हैं।

## खबर संक्षेप

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 114 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना महेवाघाट से दो थाना मोहब्बतपुर पइंसा से एक थाना कड़ाधाम से दो कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# गंगा यमुना के घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की अपार भीड़

## गंगा यमुना नदी के पवित्र जल में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चन कर देश के कल्याण की कामना की



गंगा नदी में स्नान करते श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर 14 जनवरी को गंगा और यमुना के विभिन्न घाटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भोर से ही अपार भीड़ उमड़ पड़ी कपकपाती ठंड के बाद भी गंगा यमुना के विभिन्न घाटों में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ कम नहीं हुई जिले में गंगा नदी के कड़ा घाट पल्हना घाट बदनपुर घाट सांदीपन घाट उमरछा घाट काकरा बाद घाट फतेहपुर घाट में सुबह से ही स्नान करने वालों भक्तों की भीड़ लगी रही यमुना नदी के महेवा घाट महिला घाट पभोषा घाट सहित विभिन्न यमुना घाटों में लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर स्नान किया है गंगा यमुना की नदी में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चन कर देश के कल्याण की कामना की है गंगा यमुना में स्नान के चलते जिले के प्रमुख चौराहों पर पूरे दिन भीड़ का आलम बना रहा है सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर स्थानीय थाना पुलिस और यातायात पुलिस के जवान बराबर भीड़ को नियंत्रित करते रहे।

# प्रभाष गिरि मेले में उमड़ा अपार जनसैलाब

अखंड भारत संदेश

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगाई गई पुलिस फोर्स रही हलाकान



प्रभास गिरी पर्वत मेले में उमड़ी भीड़

**कौशाम्बी।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर 14 जनवरी को प्रभास गिरि पर्वत पर सैकड़ों वर्षो से विशाल मेले का आयोजन होता है इस मेले में कौशांबी जिले के साथ-साथ पड़ोसी जनपद प्रयागराज चित्रकूट प्रतापगढ़ फतेहपुर के लाखों भक्त प्रभास गिरि का मेला देखने पहुंचते हैं और मेले का आनंद लेते हैं इस वर्ष भी मकर संक्रांति के दिन प्रभाष गिरि पर्वत पर लगने वाले विशाल मेले में महिला पुरुष बच्चों की अपार भीड़ पहुंची है मेले में अधिक भीड़ के चलते अफरातफरी का माहौल रहा यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई थानों की पुलिस फोर्स लगाई गई थी जो यातायात व्यवस्था और मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे दिन परेशान रही प्रभास गिरि मेले में खाने-पीने की दुकानों से लेकर विभिन्न प्रकार की दुकानें भी व्यापारियों ने लगाई थी खाने पीने की दुकानों में भी लोगों की पूरे दिन भीड़ लगी रही मेले की सुरक्षा में लगाई गई पुलिस फोर्स अधिक भीड़ के चलते पूरे दिन झल्लाती दिखी है मेला देखने आने वाले लोगों के साथ बेवजह पुलिस के जवानों ने मारपीट भी किया है जिससे पुलिस के प्रति लोगों में आक्रोश भी दिखाई पड़ रहा था सिपाहियों द्वारा निदोर्षों को बेवजह मारपीट किए जाने के बाद स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि थानेदार को माफी मांग कर लोगों को शांत कराना पड़ा है कुछ दुकानदारों ने बताया कि मेले में लगी दुकानों से अवैध तरीके से वसूली भी की गई है।

# थाना मोहब्बतपुर पइसा तथा थाना सैनी में डीएम यसपी ने सुनी जन शिकायतें

## राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के डीएम-एसपी ने दिये निर्देश




फरियाद सुनते डीएम एसपी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना मोहब्बत पुर पइसा व थाना सैनी में थाना समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित फरियादियों की जनशिकायतो को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिये। थाना मोहब्बत पुर पइसा में कुल 04 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें से 02 शिकायतों को मौके पर ही डीएम एसपी द्वारा निस्तारित कर दिया गया एवं शेष 02 शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार थाना सैनी में कुल 03 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें सभी 03 शिकायतों को मौके पर ही डीएम एसपी ने निस्तारित कर दिया गया जिले के अन्य थानों में भी इसी तरह थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया कुछ थानों में क्षेत्राधिकारी और उप जिला अधिकारी पहुंचे हैं तो अन्य थानों में थानाध्यक्षों ने थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण किए हैं।

### पुलिस व राजस्व की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर प्रकरण का करें निस्तारण

**कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर डीएम एसपी द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बन्धित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर जाकर प्रकरण का निस्तारण किया जाये जिसने फरियादियों को अलग-अलग भटकना ना पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्यायपूर्ण निस्तारण हो सके। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना करारी में तथा क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना कोखराज एवं क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना पश्चिम शरीरा व क्षेत्राधिकारी पायल द्वारा थाना पिपरी में तथा जनपद के समस्त थानों पर सम्बन्धित अधिकारीगण द्वारा जनशिकायतों को सुना गया। इस क्रम में जनपद में कुल 33( 24 भूमि विवाद व 09 अन्य विवाद पुलिस प्राप्त प्रार्थना पत्रो में से 09 ( 03 भूमि विवाद व 06 अन्य विवाद पुलिस का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन कर मौके पर रवाना किया गया

## मीटिंग तक सीमित रह गया अवैध वाहनों पर कार्रवाई का निर्देश

**कौशांबी।** योगी सरकार ने फिर अवैध वाहनों पर कार्यवाही करने का निर्देश जिला अधिकारियों को दिया सरकार के निर्देश पर एक सप्ताह पूर्व जिलाधिकारी ने मीटिंग कर अधीनस्थों को योगी सरकार के निर्देश का पाठ पढ़ा दिया योगी सरकार के निर्देश के बाद अवैध वाहनों पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है थाना पुलिस यातायात पुलिस और एआरटीओ के संरक्षण में डग्गामार अवैध वाहनों का संचालन तेजी से बढ़ा है डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही करने की फिर जिम्मेदारी मीटिंग में उन्ही आरोपियों को सौंप दी गई है जिन पर डग्गामार वाहन संचालित कराए जाने का लगातार आरोप लग रहा है जिला अधिकारी की मीटिंग को एक सप्ताह बीत चुके हैं डग्गामार वाहन पर कार्यवाही नहीं हो सकी है बताते चलें कि जनपद मुख्यालय मंझनपुर से मूरतगंज हो कर प्रयागराज को चलने वाले तीन दर्जन बसों के पास सवारी ढोने का परमिट नहीं है लेकिन फिर भी बेखौफ तरीके से यह प्राइवेट बसें पूरे दिन जनपद मुख्यालय से सवारी लेकर प्रयागराज की सड़कों पर दौड़ती देखी जाती हैं योगी सरकार के बार-बार निर्देश के बाद भी दोनों जिले के अधिकारी इन अवैध वाहनों पर कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं। अवैध वाहनों के संचालन से परिवहन विभाग को करोड़ों का नुकसान हो रहा है।

# नदी के गहरे जल में स्नान ना करें श्रद्धालु : क्षेत्राधिकारी

## प्रयागराज की तरफ जाने वाले बड़े वाहनों को बाईपास से जाने के क्षेत्राधिकारी ने दिए निर्देश



गंगा घाटों का निरीक्षण करते क्षेत्राधिकारी

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गंगा नदी के संदीपन घाट पर नदी के पवित्र जल में स्नान करने वालों की भीड़ देखकर मौके पर सीओ सिराथू केजी सिंह व एसओ कोखराज पहुँचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए गंगा नदी में स्नान कर रहे श्रद्धालुओं को क्षेत्राधिकारी ने सलाह देते हुए कहा कि गंगा नदी के गहरे जल में उतर कर श्रद्धालु स्नान ना करें उन्होंने कहा कि श्रद्धालु नदी के उतने ही जल में स्नान करें जितने में किसी प्रकार का खतरा ना उत्पन्न हो। प्रयागराज के संगम क्षेत्र में मकरसंक्रांति स्नान पर्व पर अपार भीड़ लगने के चलते बड़े वाहन प्रयागराज की तरफ जाने से रोकने के निर्देश दिए गए हैं इस निर्देश के पालन में क्षेत्राधिकारी सिराथू और कोखराज कोतवाल ने चाकवन चौराहा और कोखराज के पास से बाई पास की तरफ से वाहनों को ले जाने का निर्देश दिया है क्षेत्राधिकारी ने वाहन चालकों से कहा कि मकर संक्रांति की भीड़ के चलते प्रयागराज में बड़े वाहनों को ले जाने में प्रतिबंध है और भीड़ के चलते बड़े वाहन वहां मुसीबत में फंस जाएंगे जिससे वह बाईपास से अपने वाहन को ले जाकर अपनी यात्रा पूरी करें।

## वृद्धा आश्रम में मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व




**कौशांबी।** हिंदू धर्म के अति महत्वपूर्ण पर्व मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को वृद्धजन आश्रम ओसा में बड़ी ही धूमधाम से वृद्ध जनों ने मनाया है इस मौके पर वृद्ध आश्रम में खिचड़ी भोज का भी आयोजन किया गया आश्रम संचालक आलोक राय ने तिल गुड़ का लड्डू के साथ मिष्ठान और अन्य उपहार देकर वृद्धजनों का स्वागत किया है मकर संक्रांति के अवसर पर वृद्ध आश्रम में भक्ति की बयार बह रही थी वृद्धजनों ने मकर संक्रांति के दिन सुबह ही भगवान सूर्य देव को अर्ध्य देकर उनकी पूजा अर्चना किया है।

# जब खुद करेंगे चौकी इंचार्ज चोरी तो कैसे लगाएंगे अपराधों पर रोक!

अखंड भारत संदेश

## हरे पेड़ काटने वाले चौकी इंचार्ज बेनीराम कटरा पर कई दिन बाद भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशाम्बी।** अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ करने के लिए भारतीय संविधान की शपथ लेकर पुलिस महकमे की वर्दी पहनने वाले चौकी इंचार्ज जब खुद अपराध करने लगे है सवाल उठता है कि जब चौकी इंचार्ज खुद अपराध करेंगे तो वह अपराधों पर कैसे अंकुश लगाते हुए अपराधियों की धरपकड़ करेंगे चौकी इंचार्ज के कारनामे से एक बार फिर पुलिस वर्दी कलंकित हुई है अपराध करने के बाद चौकी इंचार्ज के पकड़े जाने के एक सप्ताह बाद भी चौकी इंचार्ज पर मुकदमा दर्ज कर उनका निलंबन अभी तक पुलिस अधिकारियों ने नहीं किया है सवाल उठता है कि यदि ऐसे चौकी इंचार्ज पुलिस महकमे में रहेंगे तो कैसे योगी सरकार की निष्पक्ष कानून व्यवस्था लागू हो सकेगी चायल सर्किल क्षेत्र के सराय अकिल थाना की पुलिस चौकी बेनीराम कटरा के चौकी इंचार्ज ने बिना किसी अधिकार और परमिट के शीशम के विशाल हरे पेड़ को चोरी से काट दिया है ठंड में अलाव जलाने के लिए यह पेड़ चौकी इंचार्ज ने नहीं काटा है बल्कि घर के फर्नीचर में उपयोग करने के लिए विशाल हरे पेड़ को चौकीदार ने कटवा दिया है और लकड़ियों को वाहन में लाद कर चौकी इंचार्ज अपने घर ले जा रहे थे मामले की जानकारी वन विभाग के रेंजर चायल को लग गई उन्होंने चौकी इंचार्ज से लकड़ी को वन विभाग के कब्जे में ले लिया कई दिन बीत जाने के बाद भी हरे पेड़ काटने वाले चौकी इंचार्ज बेनीराम कटरा पर अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है। पेड़ की लकड़ियां रेंजर द्वारा वन विभाग में रखवा दिए जाने से बौखलाए चौकी इंचार्ज बेनीराम कटरा ने रेंजर पर नाजायज दबाव बनाने के मकसद से रेंजर के वाहन की बिना जांच पड़ताल किए उनके वाहन का ऑनलाइन चालान कर दिया है अब सवाल उठता है कि एक तरफ चौकी इंचार्ज दबंगई से हरे पेड़ को काट कर चोरी कर उठा ले जा रहे हैं पकड़े जाने पर वह नाजायज दबाव बनाने के लिए वन विभाग के रेंजर को परेशान कर रहे हैं अब ऐसे दबंग चौकी इंचार्ज के कारनामों पर कई दिन बीत जाने के बाद भी मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है योगी सरकार के पारदर्शी व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए अपराध के बाद अपराध करने वाले दबंग चौकी इंचार्ज को अभी तक पुलिस अधिकारियों ने निलंबित नहीं किया है।

## कोखराज थाने में सीओ सिराथू व नायब तहसीलदार ने सुनी फरियाद



**कोखराज कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस में कोखराज थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में सीओ सिराथू के जी सिंह व नायब तहसीलदार अंकिता पाठक ,एसओ कोखराज तेज बहादुर सिंह चन्देल ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और समस्याओं के निस्तारण करने के लिए सर्किल के लेखपालों को निर्देश दिया मौके पर पाँच मामलों का निस्तारण किया गया ।एक मामला कशिया पश्चिम में लेखपाल द्वारा मौके पर जा कर मामलों को न्याय संगत निपटारा कराया गया मौके पर एसओ कोखराज तेजबहादुर सिंह चन्देल,मो जमीर,महेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी भरवारी सियकान्त चौरसिया कानून गो अनिल अग्रहरि लेखपाल,रियाज अहमद,लोकनाथ पांडेय ,रितेंद्र सिंह ,देवेंद्र सिंह, श्याम नारायण मिश्र,अमन सिंह,विनोद कुमार मिश्र,मान सिंह,दिलीप कुमार,आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# ग्रामीणों ने वाहन सहित भैंस चोर को पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

अखंड भारत संदेश

### गस्त के दौरान पहुंची थी पुलिस एक चोर पुलिस हिरासत में ड्राइवर एक चोरी की भैंस छोड़ हुआ फरार था दोपहर पहुंचा पुलिस चौकी




**अझुवा कौशाम्बी।** इन दिनों बकरी भैंस चोर चार पहिया वाहन से कब किस किसान के पशु चोरी कर ले जाएं कुछ कहा नही जा सकता हलांकि पुलिस के अनुसार रात्रि गस्त बढ़ा दी गयी है किंतु चोर भी हाईटेक हो गए हैं ।आज भोर 5 बजे चोर एक छोटा हाथी वाहन से सैनी कोतवाली अझुवा चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा नान्देमई पहुंचे और गाड़ी में लदी एक भैंस को उताकर जमील अहमद के यहां बांधकर दूसरी भैंसों की चोरी की फिराक में थे लेकिन कुछ लोग सुबह की नमाज पढ़ने उठे थे उनकी चिल्लाहट से गांव वासी सतर्क हो गए और भैंस चोरों को दौड़ा लिया जिससे उस ड्राइवर तो गाड़ी और एक बाहर से चोरी कर लायी गयी एक अदद भैंस छोड़ फरार हो गया वहीं सैफ पुत्र चांद निवासी आमांपुर थाना थरियांव जनपद फतेहपुर पकड़ा गया जिससे ग्रामीणों ने पूंछताछ कर अझुवा चौकी पुलिस को सूचित कर दिया मौके पर पहुंची पुलिस उक्त चोर को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं नान्देमई ग्राम सभा के मोहम्मद फारुख पुत्र मोइनुद्दीन ने बताया उसकी 2 भैंसे जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपये थी। 4 जनवरी को चोर खोल ले गए थे जिसका मुकदमा 5 जनवरी को दर्ज हुआ था भैंस चोर आज भोर 5 बजे गाड़ी से एक भैंस उतारकर गांव के ही जमील अहमद के यहाँ बांध रहा था अंधेरे में लोगों की नजर पड़ गयी दौड़ाने पर ड्राइवर फरार हो गया ये युवक पकड़ में आ गया ।पकड़े गए चोर सैफ ने बताया ड्राइवर कहीं से भैंस लाया था उससे बताया कि भैंस को उन्नाव ले गया था लेकिन 2 दिन बाजार बंद है इसे कहीं बंधवा दो मोहम्मद सैफ का परिचय नान्देमई के जमील से था उसके यहां बंधवाने आया था तभी ग्रामीणों ने पकड़ लिया ड्राइवर का नाम पता पूंछने पर अनभिज्ञता जाहिर कर रहा है वहीं चौकी इंचार्ज गौरव त्रिवेदी ने बताया भैंस चोरों की जानकारी सुबह हो गयी थी एक आरोपी सैफ और छोटा हाथी वाहन और ड्राइवर मालिक रिंकू पुत्र शिव प्रकाश निवासी पटेल नगर फतेहपुर पुलिस हिरासत में है जांच की जा रही है क्षेत्र में हुई चोरियों का खुलासा भी किया जाएगा।

# सैनिक दिवस पर एएसपी एसडीएम ने पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश



सैनिक दिवस पर उपस्थित एएसपी एसडीएम और पूर्व सैनिक

**कौशांबी।** जिला मुख्यालय मंझनपुर में शनिवार को सैनिक कल्याण पुनर्वास न्यू बिल्डिंग में पूर्व सैनिक दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता दशरथ लाल करवरिया ने किया मुख्य अतिथि एस डी एम प्रखर उत्तम मंझनपुर एवं विशिष्ठ अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर एवं सी ओ योगेश नारायण मंझनपुर थे जिसमे एस डी एम प्रखर उत्तम एवं अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने दीप जलाकर कार्य क्रम का शुभारम्भ किया साथ ही भारतीय सेना के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया सोल्जर बोर्ड अधिकारी कैप्टन नजमुल हुडडा ने एस डी एम प्रखर उत्तम एवं अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर को पुष्प गुच्छ दे कर सम्मानित किया जिला अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया ने सी ओ योगेश नारायण को माल्यार्पण कर स्वागत किया 1965 के युद्ध विजेता जय नारायण मिश्र को अपर पुलिस अधीक्षक में माल्यार्पण कर स्वागत किया एस डी एम एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने शांती देवी पत्नी शहीद नायक राम निहोरे द्वितीय युद्ध विजेता को दो हजार एवं चेक दिया साथ ही बीर नारी सुशीला देवी पत्नी शहीद देव नारायण सेना मेडल को दो हजार रुपया नगद एवं सभी बीर नारियों एवं सीनियर सिटीजन के पूर्व सैनिकों को अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण करके स्वागत किया गया भारतीय सेना से रिटायर सभी पूर्व सैनिकों को एस डी एम प्रखर उत्तम एवं अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने धन्यवाद देते हुए कहा कि अगर किसी भी फौजी को किसी प्रकार की कोई समस्या आती हैं तो हम लोगो से कभी भी मिल सकता है पूर्व सैनिक की समस्या तत्काल हल किया जायेगा इस दौरान सोल्जर बोर्ड अधिकारी कैप्टन नजमुल हुडडा, जिला अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया, सूबेदार मेजर शारदा प्रसाद वर्मा, सूबेदार राज मन पाल, सूबेदार असरार अहमद, संगठन मंत्री सुनील कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी संजीव कुमार चौरसिया, सुधार मेजर नियाज अहमद, शांति देवी, सुसीला देवी,दीपा दिवाकर,राज पति, बिमला देवी, जेएन मिश्रा, श्री राम यादव, राम सुरेमान यादव, रमेश मणि पांडे, बिरेंद्र नाथ त्रिपाठी, नरेंद्र बहादुर सिंह, एस एन पांडे, राम मूरत पाल राम चरण पाल एवं सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए बनाए गए मतदेय स्थल का डीएम एसपी ने लिया जायजा



**कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस में जनसुनवाई से वापस लौटते वक्त जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए बनाए गए मतदेय स्थल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने मध्य स्थलों की आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मतदेय स्थलों के निरीक्षण के दौरान डीएम एसपी ने विकास खण्ड सिराथू तथा एस0ए0वी0 इंटर कॉलेज,सैनी का निरीक्षण कर आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

### पुलिस अधीक्षक ने चौकी,नगर पंचायत, रैन बसेरे का किया निरीक्षण दिए आवश्यक निर्देश



**अझुवा कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने अझुवा चौकी क्षेत्र का भ्रमण किया है इस दौरान पुलिस कप्तान ने अझुवा चौकी बैरक, पुलिस कर्मियों के आवास का निरीक्षण कर चौकी इंचार्ज को विवेचनाओं के गुणवत्तापरक एवम शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिया है उन्होंने इंचार्ज गौरव त्रिवेदी से क्षेत्र में स्थित बैंक एवं एटीएम बूथ का बराबर निरीक्षण करने को कहा है उन्होंने अपराधी प्रबत्ति हिस्ट्रीशीटरों की लिस्ट साफ सुथरी अभिलेख दुरुस्त रखने का आदेश दिया है चौकी के बगल बने नगर पंचायत कार्यालय एवम रैन बसेरे का निरीक्षण किया इस दैरान पुलिस कप्तान शांति व्यवस्था से संतुष्ट दिखाई दिए है उन्होंने क्षेत्र में कुछ दिन पहले अवैध शराब कारखाने पर की कार्रवाई की चौकी इंचार्ज की सराहना की है।

### नई सड़क के निर्माण से क्षेत्रभर के देवीभक्तों को कमासिन मंदिर जाना होगा आसान : अजय सोनी



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी शुक्रवार को अपने जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुर से कमासिन माता मंदिर जाने के लिए एक नए सड़क मार्ग के नवनिर्माण हेतु लड्डू, अगरबत्ती एवं कमासिन माता के जयकारों के साथ भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मौके पर क्षेत्र के तमाम ग्रामीण लोग मौजूद रहे। शुक्रवार को अजय सोनी अपने जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुर के पास पहुंचे। इसके बाद उदहिन फत्तेपुर मार्ग के तुलसीपुर ग्राम के करीब से गंभीरा पूर्व ग्राम अंतर्गत स्थित कमासिन माता मंदिर धाम तक लोगों के आवागमन हेतु एक नई सड़क के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि क्षेत्र की जनता द्वारा एक अरसे से कमासिन माता मंदिर जाने के लिए नई सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी। इस पर लगातार प्रयास कर लोक निर्माण विभाग द्वारा तुलसीपुर से कमासिन माता मंदिर तक नई सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। आगे कहा कि इस सड़क के बन जाने से क्षेत्र के कई गांवों के देवीभक्तो को देवी जी के धाम तक जाने में सुविधा होगी। पहले लोगो को देवी जी के धाम तक पहुंचने में भारी दिक्कत होती थी और लोग मीलों चक्कर लगाने के बाद दर्शन करने पहुंच पाते थे। अब इस सड़क के बन जाने से लोगों को मीलों चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और आवागमन सुगम होगा। इस अवसर पर वीरेंद्र तिवारी, छोट्टन तिवारी, विजय शंकर मिश्र, रामशंकर यादव, राजाराम पाल, अर्जुन सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

संपादकीय

# कोरोना के शहीद शहीदों से कम नहीं

**एक** बार फिर कोरोना ने विश्वपटल पर अपनी भयावह दस्तक दी है। चीन के गर्भ से निकले कोरोना ने पिछले दो वर्षों में सबकुछ तहस-नहस करके रख दिया है। लगभग दो वर्षों के बाद जब पूरा विश्व एक बार फिर से संभलने का प्रयास कर ही रहा था तो चीन के उसी गर्भ से इस भयंकर वायरस कोरोना ने फिर से डराना शुरू कर दिया है। कोरोना वायरस से चीन में हाहाकार मचा है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां 20 दिन में 25 करोड़ लोग कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। रेडियो फ्री एशिया ने सोशल मीडिया पर चल रहे दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि महीने के पहले सप्ताह में 'जीरो-कोविड पॉलिसी' में छूट देने के बाद हालात भयावह हुए हैं और सिर्फ 20 दिन में ही पूरे चीन में करीब 25 करोड़ लोग कोविड-19 से प्रभावित हो गए हैं। कोरोना वायरस विश्वमारी की शुरूआत एक नए किस्म के कोरोनवायरस के संक्रमण के रूप में मध्य चीन के वुहान शहर में 2019 के मध्य दिसंबर में हुई। बहुत से लोगों को बिना किसी कारण निमोनिया होने लगा। 23 जनवरी 2020 को वुहान को अलग रखा गया था। वायरस के प्रसार को रोकने के लिए 23 जनवरी 2020 को वुहान से बाहर और अन्दर आने-जाने पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया. उड़ानें, ट्रेनें, सार्वजनिक बसें, मेट्रो प्रणाली और लंबी दूरी के ट्रेनों को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिए गया। बड़े पैमाने पर एकत्रीकरण और समूह में पर्यटन को भी निलंबित कर दिया गया था। 14 मार्च 2020 तक दुनिया में इससे 5,800 मौतें हो चुकी थी। यह वायरस पूरे चीन में एक आदमी से दूसरे आदमी में संक्रमित होता गया। 20 मार्च 2020 तक थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, जापान, ताइवान, मकाऊ, हांगकांग, संयुक्त राज्य अमेरिका, सिंगापुर, वियतनाम, भारत, ईरान, इराक, इटली, कतर, दुबई, कुवैत आदि 160 देशों में कोरोना पुष्टि के मामले तेजी से सामने आते रहे। 23 जनवरी 2020 को, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के विरुध्द निर्णय लिया गया। 11 मार्च, 2020 को, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे एक महामारी के रूप में मान्यता दी। 11 अप्रैल 2020 तक 210 से अधिक देशों और क्षेत्रों में कोविड के लगभग 1,741,621 मामलों की पुष्टि हुई थी , जिसके परिणामस्वरूप लगभग 106,670 मौतें हुई थी। कोरोनावायरस के लक्षणों में सांस की तकलीफ या सांस लेने में कठिनाई का अनुभव सामने आने लगा था। नए कोरोनोवायरस संक्रमण के लक्षणों की गंभीरता व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भिन्न होती है, कुछ हल्के होते हैं, कुछ गंभीर होते हैं और यहां तक ??कि मृत्यु भी हो सकती है। इस बीमारी को हमारे डॉक्टरों के पैनल ने गहराई से समझने का प्रयास किया था। विश्व भर में यदि किसी देश ने सुव्यवस्थित योजना बनाकर कोरोना को मात देने में सफलता प्राप्त की तो वह हमारा भारत देश था।

## देश निर्माण में नेताजी का अभूतपूर्व योगदान

सुनील कुमार महला

**आजकल** हर कहीं पेपर पर पेपर लीक हो रहे हैं। पेपर लीक है, सिस्टम वीक है। अभ्यर्थियों में लीक की खीज है। एक्जाम हॉल के स्थान पर बसों में पेपर हल करवाये जा रहे हैं। नकल गिरोह सक्रिय हैं। नेताजी अक्रिय हैं। नकल गैंग पेपर्स को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न नहीं होने दे रहे हैं। पेपर्स लीक कर मलाई पर मलाई चाटी जा रही है। मीडिया के घोर दबाव के कारण नेताजी ने एक्शन लेते हुए पेपर लीक प्रकरण पर तुरंत प्रभाव से आपातकालीन मीटिंग बुलाई है। मीडिया वाले कागज, कलम, माइक-साइक,कैमरा-सैमरा लेकर नेताजी की मीटिंग का कवरेज कर रहे हैं। मीडिया वालों के पेपर लीक पर सवाल पर सवाल जारी हैं। एक मीडिया पर्सन ने नेताजी के समक्ष प्रश्न उछाला-' मंत्री जी इतने पेपर्स लीक हो रहें हैं, आप क्या कार्रवाई कर रहे हैं ?' मंत्री जी ने जबरदस्त जबाब दिया-'देखिए ! पहला पेपर लीक हुआ, सरकार ने सख्त एक्शन लिया और हमने चार दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली। फिर दूसरा पेपर लीक हुआ, हमने बस ड्राइवर और सभी यात्रियों को दो दिन में पकड़ लिया। भाई ! देखिए दो दिन में गिरफ्तारी हो गई, बस को सीज कर दिया, ड्राइवर का लाइसेंस रद्द कर दिया, गिरफ्तार केडिंडेट्स को आगामी परीक्षाओं के लिए डी-बार कर दिया। पेपर गैंग लीक मास्टरमाइंड का मोबाइल जब्त. कर लिया, उसके कोचिंग संस्थान को जेसीबी मशीन से गिरा दिया, ऐसी कोई सरकार नहीं कहीं पर भी। मैं आप सभी को यह यकीन दिलाता हूँ कि भविष्य में आयोजित होने वाला जो पेपर है, वो जैसे ही लीक होगा, हम आधे घंटे में गिरफ्तारी कर देंगे।' इतने में मीडियाकर्मी ने मंत्री जी पर दूसरा सवाल उछाला-'सर आपको कैसे पता कि आप आरोपियों की सिर्फ आधे घंटे में गिरफ्तारी कर देंगे ?' मंत्री जी ने जबाब दिया-'आप क्या समझते हैं, हमें सिर्फ और सिर्फ राजनीति का ही अनुभव है ? अरे भैय्या ! इस राजनीति में आने से पहले हमने भी खूब पापड़ बेले हैं। जब हम बेरोजगार हुआ करते थे, तब हमने पेपर्स चोर गिरोह के 'मोगेंबो' हुआ करते थे। उस समय हमारा फुलटाइम धंधा पेपर्स लीक का था, देश में बेरोजगारी बहुत है न। हमने पेपर्स लीक कर अपनी इनकम बढ़ाई। आत्मनिर्भर बनें। आप क्या समझते हो, देश बिना प्रति व्यक्ति की आय बढ़े ही विकासशील से विकसित के पायदान को छू रहा है। हमने देश निर्माण में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया था कभी। परिवर्तन जिंदगी का असली नाम है और हमने जिंदगी में परिवर्तन के लिए हाड-तोड़ मेहनत की और उसका नतीजा है कि आज हम आपके सामने हैं। हम नहीं होते तो आपको कवरेज का मौका कैसे मिलता ? ये हम ही हैं, जिसके कारण आपकी घर-गृहस्थी चल रही है। वो गाना तो आप सभी ने जरूर सुना होगा-'जिंदगी इम्तिहान लेती है, लोगों की जान,लोगों की जान लेती है...!" हम देश निर्माण के लिए अपनी जान से खेले हैं और तुम्हें है कि सवालों की सूझ रही है। जाओ और अपना काम करो। फालतू के सवाल पूछकर हमारा टाइम बर्बाद मत करो,क्योंकि टाइम बहुत कीमती है।

# भारत की आर्थिक मजबूती पर गर्व



क्या आपको पता है कि 21 सदी के दूसरे दशक में वैश्विक महामारी कोरोना और उसके बाद रूस-यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बन चुके विपरीत हालात से निपटने में भारत कई देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में है? यदि नहीं तो यह जान लीजिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत यह करिश्मा कर रहा है, जिसका सारा श्रेय उनके नेतृत्व में पिछले साढ़े आठ वर्षों से देश में जारी रिफॉर्म (सुधार), ट्रांसफॉर्म (परिवर्तन) और परफॉर्म (प्रदर्शन) की गहन प्रक्रिया को जाता है। अब तो वैश्विक प्रबंधन परामर्शदाता फर्म मैकिंसे तक यह मानने लगा है कि न केवल वर्तमान दशक बल्कि यह पूरी सदी भारत की होगी। यह जानकर दुनिया भर की संस्थाओं का भारत में भरोसा बढ़ा है। समझा जाता है कि सशक्त लोकतंत्र, राजनीतिक स्थिरता और सतत सुधारों के चलते भारत, पूरी दुनिया के निवेशकों के लिए निवेश की एक आकर्षक मंजिल बन चुका है, जो आज सबको लुभा रहा है। भारत सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) भी निवेशकों के हौसले में आफजाई कर रही है। कहना न होगा कि हमारी इस नई अद्वितीय वैश्विक स्थिति से चीन, अमेरिका और पाकिस्तान जैसे कुछ गिने-चुने देश भले ही मन ही मन ईर्ष्या करें, लेकिन भारत की स्पष्ट सोच, पक्का इरादा और उत्साही युवाओं की बदौलत निवेशक अब उसके यानी भारत के प्रति आशावादी हैं। इसकी बदौलत रक्षा से अंतरिक्ष क्षेत्र तक भारत मजबूत हुआ है। आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता से विदेशी निवेशक भी बढ़ रहे हैं। कोरोना महामारी के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था में तेजी ने सबको रिझाया है। वर्ष 2030 तक देश की करीब 42 फीसदी आबादी शहरी क्षेत्रों में रहेगी। इन सबसे एफडीआई आकर्षित हो रही है। जानकारों का कहना है कि कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में 24.60 प्रतिशत, वित्तीय सेवा और आर ऐंड डी में 12.13 प्रतिशत, ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में 11.89 प्रतिशत, ट्रेडिंग में 7.72 प्रतिशत, और निर्माण क्षेत्र में 5.52 प्रतिशत एफडीआई ज्यादा आई है, अन्य क्षेत्रों के वनिस्पत। वहीं, महाराष्ट्र में 26.26 प्रतिशत, कर्नाटक में 17.55 प्रतिशत, दिल्ली में 13.93 प्रतिशत, तमिलनाडु में 5.10 प्रतिशत और हरियाणा में 4.76 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई ज्यादा हो रहे हैं, अन्य राज्यों के वनिस्पत। सीआईआई की रिपोर्ट बताती है कि भारत अगले 5 साल में 47,500 करोड़ डॉलर की रकम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के तहत पाने की क्षमता रखता है। बता दें कि जहां वर्ष 2014-15 में एफडीआई के तहत 4515 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ था, वहीं वर्ष 2021-22 में यह बढ़कर 8484 करोड़ डॉलर हो गया है। यही वजह है कि एक ओर जहां भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद के चलते अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) भी अब देश को वैश्विक अर्थव्यवस्था के उजले बिंदु की तरह देखता है। वहीं, दूसरी ओर विश्व बैंक का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विपरीत हालात से निपटने के मामले में भारत कई देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में है। ऐसा इसलिए सम्भव हो सका, क्योंकि सदी के भीषण संकट यानी कोरोना त्रासदी के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी ने सुधारों की राह नहीं छोड़ी, जिसके चलते आत्मनिर्भर भारत ने देश में सुधारों को गति देना जारी रखे हुए है। विशेषज्ञों के मुताबिक, मोदी ने नीतिगत रूप से नई सम्भावनाओं को जन्म देते हुए हाल ही में 8 लाख करोड़ के संभावित निवेश वाले मिशन हरित हाइड्रोजन को मंजूरी दे दी है, जो ऊर्जा के क्षेत्र में एक नई क्रांति का वाहक बनेगी। इसके अलावा, जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल में सड़कों, हवाई अड्डों और बंदरगाहों के विस्तार के साथ औद्योगिक गलियारों और लॉजिस्टिक्स केंद्रों के विकास की योजनाओं को गति दी है, उससे वैश्विक हल्के में अब यहां तक कहा जाने लगा है कि इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे, लॉजिस्टिक पार्क, ये सभी नए भारत की अमिट पहचान बन रहे हैं।

> भारत विश्व का तीसरा बड़ा विमानन और ऑटो बाजार है। वहीं, महज 8 साल में ही भारतीय अर्थव्यवस्था 13वें स्थान से छलांग लगाकर 5 वें स्थान पर पहुंच चुकी है, और वह दिन दूर नहीं जब भारत, जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्वी तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए

आपको यह जानकर हर्ष होगा कि आज भारत विश्व का तीसरा बड़ा विमानन और ऑटो बाजार है। वहीं, महज 8 साल में ही भारतीय अर्थव्यवस्था 13वें स्थान से छलांग लगाकर 5 वें स्थान पर पहुंच चुकी है, और वह दिन दूर नहीं जब भारत, जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए। बताया जाता है कि हमारे ये तमाम निर्णय आधुनिक बुनियादी ढांचा निवेश की नई सम्भावनाओं को जन्म दे रहे हैं। आलम यह है कि भारत में स्वास्थ्य, कृषि, पोषण, कौशल विकास, नवाचार और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में उभर रही सम्भावनाएं निवेशकों का इंतजार कर रही हैं। जानकार बताते हैं कि यह भारत के साथ मिलकर नई वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण का समय है। जिस तरह से देश में 5 जी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और एआई की मदद से हर उद्योग और उपभोक्ता के लिए नए मौके पैदा हो रहे हैं, इससे निःसंदेह विकास की गति तेज होगी।

आप यह जानकार चौंक जाएंगे कि देश की डिजिटल दुनिया में हर ओर तेजी का आलम दिख रहा है। ऑनलाइन खरीदारी के मामले में भारत, चीन को पछाड़ चुका है और अब अगली बारी अमेरिका की है। उसे पछाड़ने के बाद भारत दुनिया में पहला स्थान प्राप्त कर लेगा। समझा जा रहा है कि इंटरनेट और मोबाइल की उपलब्धता और आसान होने के साथ वर्ष 2025 तक 90 करोड़ लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करेंगे, जिससे ऑनलाइन खरीदारी की दुनिया का विस्तार होगा। इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन (आईबीईएफ) के मुताबिक, वर्ष 2021 में देश में ऑनलाइन ग्रॉसरी बाजार 395 करोड़ डॉलर का था, जो वर्ष 2027 तक 2693 करोड़ डॉलर का हो सकता है। वहीं, देश की कंज्यूमर डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्ष 2020 में कुल 53,750 डॉलर की थी, लेकिन अनुमान है कि वर्ष 2030 तक ये बढ़कर एक लाख करोड़ डॉलर के पार हो जाएगी।

देखा जाए तो भारत में जब अमृतकाल का स्वर्णयुग शुरू हुआ है, तब हम सभी देशवासी परस्पर मिलजुल कर विकसित भारत बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इसके चलते हमें अपने काम में अभूतपूर्व सफलता भी मिल रही है। वाकई यह सिर्फ हमारी उम्मीद नहीं बल्कि यह हर भारतीय का संकल्प है।

हमारे संकल्प की सफलता को देखकर शेष दुनिया भी भारत की दीवानी हो चली है। वसुधैव कुटुंकम जैसी उदात्त सोच रखने वाला भारत और भारतवासी देर-सबेर दुनिया को सही और मानवतावादी राह दिखाएंगे, यह दृढ़ विश्वास दुनिया के सभी जरूरतमंद देशों व उसके देशवासियों में जगा है।

# भारतीय कौशल नारी सब पर भारी

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर भारतीय नारी की गाथा बहुत ही सम्मानजनक रूप से गाई जाती है, क्योंकि आदि अनादि काल से ही भारतीय नारी शक्ति की अनेक मान्यता प्राप्त कहानियों कथाओं से भी हमें पता चलता है कि नारी शक्ति की शक्ति तो देवी-देवताओं को भी करनी पड़ी थी, हम तो इस कलयुग में इंसान मात्र हैं। इसलिए हमें चाहिए कि नारी शक्ति का सम्मान कर उनको कार्यबल प्रदान करें जिसको भारत के विकास में प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित कर एक फरवरी 2023 को आने वाले बजट में ऐसी योजनाओं स्कीमों को लाया जाना चाहिए ताकि नारी शक्ति को कार्य बल में उचित भागीदारी मिले और भारत के तेजी से विकसित हो रहे पथ को अधिक तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

साथियों बात अगर हम नारी शक्ति को कार्यबल के रूप में चिन्हित करने की करें तो, हमने कई क्षेत्रों में देखे हैं कि नारी कार्यबल अपेक्षाकृत रूप से अधिक सशक्त व प्रभावी रिजल्ट देता है। हम अगर नर नारी के कार्यबल की गुणवत्ता का विश्लेषण करें तो, मेरा मानना है कि नारी बल गुणवत्ता में अधिक कुशल दिखेगा। जिसका मैंने खुद ने ग्राउंड रिपोर्टिंग कर सत्यता परखी है। मैंने अनेक शोरूम ऑफिसेस दवाखाना वकील सीए अनेक प्रोफेशनल जगह कंपनियों में वहां के प्रमुख संचालकों, मैनेजरों अधिकृत व्यवस्थापकों से बात की तो उन्होंने भी नारी कार्यबल को अपेक्षाकृत अधिक सशक्त इमानदार रेगुलर जिम्मेदार जवाबदेही में अवल बताया और नारी कार्यबल को प्राथमिकता देने की बात स्वीकार की, क्योंकि नकारात्मक आदतें नारी कार्यबल में नहीं देखने को मिलती जितनी नर कार्यबल में देखने को मिलती है। उसी तरह नेतृत्व शक्ति में भी नारी कार्यबल अधिक उच्च गुणवत्ता में अग्रणी ही है इसका उदाहरण हमें वैश्विक स्तरपर मूल भारतीय महिलाओं कल्पना चावला कमला हैरिस सहित अनेकों का नाम लिया जा सकता है। साथियों बात अगर हम 1 फरवरी 2023 को आने वाले बजट में नारी शक्ति कार्यबल के एंगल से देखें तो आज इसकी कार्य शक्ति बढ़ाने के लिए अधिक बजट एलोकेशन की आवश्यकता है। कुछ ऐसी योजनाएं, इंसेंटिव, छूट दी जानी चाहिए ताकि नारी कार्यबल को प्राथमिकता दिए जाने पर प्रोत्साहन मिले। वैसे भी हम अभी अनेकों निजी कंपनियों में देखते हैं कि वहां नारी कार्यबल को प्राथमिकता दी जाती है जो वर्तमान समय की जरूरत भी है अब वक्त आ गया है कि नारी शक्ति के कार्य बल को बढ़ाने आरक्षण का बंधन भी तोड़ने की जरूरत है और उच्च कौशल्या के आधार पर नारी कार्यबल की सेवा राजनीतिक, औद्योगिक शैक्षणिक सहित हर क्षेत्र में ली जानी चाहिए। भारतीय कौशल नारी सबपर भारी की थींम को आगे बढ़ाया जाए।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 13 फरवरी 2023 को नीति आयोग में प्रसिद्ध अर्थशास्त्रीयों व विशेषज्ञों से बातचीत की करें तो उन्होंने भी,नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित किया और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को और सक्षम बनाने के साथ-साथ उसे बढ़ावा देने के लिए प्रयास जारी रखने का आग्रह किया, उन्होंने आज नीति आयोग में प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ बातचीत की। विचार-विमर्श वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भारत का विकास और दृढ़ता विषय पर आधारित था। अपनी टिप्पणी में कहा कि, जहां जोखिम थे, वहीं उभरता हुआ वैश्विक वातावरण डिजिटलीकरण, ऊर्जा, स्वास्थ्य देखभाल और कृषि जैसे क्षेत्रों में नए और विविध अवसर प्रदान करता है। इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र को तालमेल का लाभ उठाने और लीक से हटकर सोचने की जरूरत है। उन्होंने भारत डिजिटल की सफलता की गाथा और देश भर में फिनटेक को तेजी से अपनाने, और समावेशी विकास और इसके दृढ़ संकल्प की क्षमता की सराहना की। बैठक में प्रतिभागियों ने उन तरीकों पर व्यावहारिक उपायों की पेशकश की, जिनसे भारत अपने विकास की गति को विवेकपूर्ण ढंग से बनाए रख सकता है। कृषि से लेकर विनिर्माण तक विविध विषयों पर प्रधानमंत्री के साथ विचार और सुझाव साझा किए गए। यह स्वीकार करते हुए कि अंतर्निहित वैश्विक प्रतिकूलताएं जारी रहने की संभावना है, भारत की दृढ़ता को और मजबूत करने के लिए रणनीतिक सिफारिशें भी साझा की गईं। इस बात पर सहमति कायम हुई कि अपने लचीलेपन के कारण, भारत अशांत वैश्विक मंच पर एक उज्ज्वल स्थान बनाकर उभरा है। यह सुझाव दिया गया था कि सभी क्षेत्रों में समग्र विकास के माध्यम से इस नींव पर नए सिरे से विकास पर जोर देने की आवश्यकता होगी। हर नारी अपनी प्रतिभा के साथ न्याय कर पाये , अपने अरमानो को पंख लगाने का जज्बा रखे और उन्हें पूरा करने का होंसला रखे । किसी से कोई खैरात नहीं, कोई पक्षपात नहीं , अपने बलबूते पर मंजिल हांसिल करने माद्दा रखे। साथियों बात अगर हम बड़ी संख्या में अभी भी महिलाओं की वर्तमान स्थिति की करें तो, वर्तमान युग में महिलाओं को मात्र भोग विलास की वस्तु बना कर रख दिया गया है। जिसका मूल काम घर में रहकर चूल्हा चौका करना तथा परिवार की देखभाल करना रह गया है। आज के समय जहां विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है वहीं दूसरी तरफ महिलाओं का कुछ ऐसा वर्ग भी है जिन्हें उनके मूल अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। इस कुप्रथा को दूर करने के लिए हर किसी को अपनी मानसिकता बदलने की आवश्यकता है। जब तक हम अपनी मानसिकता को नहीं बदलकर स्त्रियों को साथ नहीं लेंगे तब तक राष्ट्र का सर्वांगीण विकास मुमकिन नहीं हो पाएगा।भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था क्योंकि उसके विकास में पुरुष तथा स्त्रियों का समान प्रयास हुआ करता था। लेकिन जैसे-जैसे स्त्रियों के विकास का अनुपात कम होता गया वैसे वैसे भारत का गौरव भी धूमिल पड़ता गया।भारतीय महिलाओं का इतिहास में योगदान अप्रतिम रहा है। सिर्फ स्वाधीनता संग्राम के समय को देखा जाए तो भारतीय महिलाओं का योगदान अगणनीय ही प्राप्त होगा। स्वाधीनता संग्राम के दौरान महारानी लक्ष्मीबाई, विजयालक्ष्मी पंडित, अरुणा आसफ अली, सरोजिनी नायडू, कमला नेहरु, सुचेता कृपलानी, मणीबेन पटेल अमृत कौर जैसी स्त्रियों ने आगे आकर अपना अप्रतिम योगदान दिया। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे।

# बने विजेता वो सदा, ऐसा मुझे यकीन

**बने विजेता वो सदा, ऐसा मुझे यकीन। आँखों में आकाश हो, पांवों तले जमीन।।**

**प्रियंका सौरभ**

दुनिया को केवल इस बात की परवाह है कि हम क्या करते हैं, न कि हम क्या कहते हैं कि हम क्या करेंगे। जो शब्द हम आम तौर पर कहते हैं, वे हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्यों की तुलना में बहुत कम महत्व रखते हैं। हमें बोलना कम और काम ज्यादा करना चाहिए। यह न केवल हमें न्यूनतम संभव समय में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा बल्कि हमारे महत्वपूर्ण कार्यों में निवेश करने के लिए कुछ आवश्यक ऊर्जा भी देगा। इस तथ्य को समझना जरूरी है कि हमारे पास जो ऊर्जा है वह वास्तव में सीमित है, और इसलिए इसे बुद्धिमानी से उपयोग करना बहुत आवश्यक हो जाता है।

इस तथ्य को स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि हमारे कार्य हमें परिभाषित करते हैं न कि हमारे विकल्पों को। एक विजेता हमेशा सही विचारों को अच्छे कार्यों में बदलने के तरीके खोजता है। वह अपने सपनों को देने और उन्हें हकीकत में बदलने के तरीकों की तलाश करेगा। साथ ही, याद रखें कि वास्तविकता कठिन है और इतनी सरल नहीं है जितना हम इसे मान लेते हैं। बाद में भागदौड़ से बचने के लिए हमें अपने कार्यों को पहले ही पूरा कर लेना चाहिए। अपने फैसलों को ध्यान से देखना और उनका आत्मनिरीक्षण करना भी जरूरी है।

हमारे कार्य शब्दों से ज्यादा हमारी प्रतिष्ठा और अखंडता को परिभाषित करते हैं। हम जो कहते हैं उसे करने में असफल होना और इस व्यवहार को बार-बार दोहराना हमारे चरित्र के लिए हानिकारक है जो दूसरे हमें समझते हैं। यह हमारी विश्वसनीयता को मिटा देता है। यदि हम वह नहीं करते जो हम कहते हैं कि हम करने जा रहे हैं, तो हमारी विश्वसनीयता कम हो जाती है। हमारे प्रत्येक वादे के बाद और इसे पूरा करने में विफल रहने से हमारी सत्यनिष्ठा भी कम हो जाती है। इसके बाद हमारी बातों का कोई मतलब नहीं है। यह अविश्वास भी पैदा करता है। भरोसा छोटी-छोटी क्रियाओं पर बनाया जाता है, न कि फिल्मों के लिए बने नाटकीय पलों पर। अंत में, यह अवसर को सीमित करता है। जब हमारी टीम किए गए वादों पर भरोसा नहीं कर सकती है, तो हमारे लिए खुद को साबित करने के अवसर कम होते जाएंगे। यदि आप किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं जो वादों और अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है, तो आपको परिणाम भुगतने होंगे। अपने शब्द का कोई बनने का प्रयास करें। खासकर जब यह एक "छोटी बात" है, तो सुनिश्चित करें कि आप इसे करते हैं। आखिरकार, यदि आप "छोटी चीजों" में असफल होते हैं, तो कोई भी "बड़ी चीजों" पर आप पर भरोसा नहीं करेगा। इस तथ्य को स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि हमारे कार्य हमें परिभाषित करते हैं न कि हमारे विकल्पों को। एक विजेता हमेशा सही विचारों को अच्छे कार्यों में बदलने के तरीके खोजता है। वह अपने सपनों को हकीकत में बदलने के तरीकों की तलाश करेगा। आप जो कहते हैं उसे लगातार करते रहना ईमानदारी की बुनियाद है।

दुनिया को केवल इस बात की परवाह है कि हम क्या करते हैं, न कि हम क्या कहते हैं कि हम क्या करेंगे। जो शब्द हम आम तौर पर कहते हैं, वे हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्यों की तुलना में बहुत कम महत्व रखते हैं। याद रखें कि जीवन वास्तव में एक खेल है और इसलिए हम सभी को जीतने का प्रयास करना चाहिए।

असफलता और निराशा वास्तव में हर किसी के जीवन का एक हिस्सा है और इन चीजों के बारे में अधिक सोचना बेकार है। वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करना और अतीत के बारे में भूलना अधिक महत्वपूर्ण है। याद रखें कि विजेता अलग चीजें नहीं करते हैं; वे बस अलग तरीके से करते हैं। जीवन में सफल होने के लिए धैर्य रखना और अपने सपनों के लिए समर्पित रूप से कड़ी मेहनत करना महत्वपूर्ण है। जीवन में कुछ भी मुफ्त नहीं है, और इसलिए हमें जीवन में बड़ी चीजें हासिल करने के लिए अपने सभी प्रयास करने और अपनी सीमाओं को चरम तक पहुंचाने की जरूरत है। इसके अलावा, असफलताएं और निराशा वास्तव में हर किसी की यात्रा का हिस्सा होती हैं, और हमें उन्हें वैसे ही स्वीकार करना चाहिए जैसे वे आती हैं। हमें हमेशा वर्तमान पर ध्यान देना चाहिए।

और एक बेहतर और सुखद कल बनाने के लिए इसे पूरी सावधानी और समर्पण के साथ करना चाहिए।

## शून्य जितना वह उतना

डॉ. सुरेश

**मेरी** दादी रोए जा रही थी। मैं बार-बार पूछता लेकिन वह हर बार कुछ बताने की जगह घर के गेट की ओर देखती और जोर से रोने लगती। मैं भी गेट की ओर देखने लगा। मुझे कुछ खास नहीं दिखा। बूढ़ी आँखों में अनुभव बसता है। इसीलिए वे हमसे ज्यादा और सही देखती हैं। मैंने फिर जोर देकर पूछा। इस बार दादी उठी और गेट के पास कटे हुए पेड़ की कुछ निशानियाँ ढूँढ़ने लगीं। मुझे याद आया कि एक सप्ताह पहले यहाँ कढ़ी पत्ता का पेड़ हुआ करता था। अब नहीं है। मुझे दादी पर बड़ा गुस्सा आ रहा था। वह जिस पेड़ के लिए रो रही थी उसे उन्होंने ही कटवाया था। बच्चे-जवान गलती कर-के रोएँ, यह बात हजम होती है। किंतु बूढ़े लोग ऐसा कर रोएँ तो अजीब लगती है। खीझ के साथ-साथ गुस्सा मेरे सब्र के बाँध को तोड़ रहा था। दादी को मेरी कसम दिलाई और पेड़ कटवाने की असली सच्चाई जानने की कोशिश की। दादी रोते हुए कहने लगी झ जब अपने ही हाथों लगाए हुए पेड़ को काटने पर मजबूर होना पड़े तो समझ जाना मामला गंभीर है। मेरी यादों में इस पेड़ ने बहुत कुछ साझा किया है। लेकिन मैं कुछ महीनों से परेशान हो चली थी। दोपहर में जब भी थोड़ी-बहुत आँख लगती तो कोई न कोई आकर गेट बेल दबा देता। पूछता झ क्या मैं कढ़ी पत्ता तोड़ ले जाऊँ? नहीं पूछूँगा तो कहीं आप पिछली बार की तरह डाँट न दें, इसीलिए पूछकर तोड़ना चाहता हूँ। मुझे लगा यह भी सही है। बिना पूछे तोड़ने के चक्कर में आस-पड़ोस के लोगों ने उसे कसाईखाने वाले गाय की तरह एकदम उसकी हालत नाजूक कर दी थी। पत्ते तो पत्ते शाखाएँ तक तोड़ डाली थी। कढ़ी पत्ता का पेड़ न हुआ सबकी मर्जी का शगल हो गया। जिसे देखो उसे मुँह उठाए इसी के पीछे पड़े रहता था।

## फटाफट खबरें

### पडोसियों के जागने पर चोर सामान छोड भागे

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के मडैर रोड में सुनसान घर में अज्ञात चोरों ने बगल की दीवार से रस्सी के सहारे घर में दाखिल होकर सेंधमारी कर दीवार की ईंटें शब्बर से तोडने लगे। पडोसियों के जागने पर चोर रस्सी व अन्य सामान छोडकर भाग गये।

ये घटना शुक्रवार की रात हुई। बताया गया कि मडैर रोड के प्रेमचन्द्र पुत्र बाबूलाल अपनी पत्नी सुभद्रा देवी के साथ माघ मेला में कलावास को इलाहाबाद गये थे। सुनसान घर पाकर चोरों ने बगल की दीवार से रस्सी के सहारे घर में घुसकर सेंधमारी कर दीवार की ईंट शब्बर से निकालने लगे। पडोसियों के जागने पर चोर रस्सी व अन्य सामान छोडकर भाग गये। अज्ञात चोरों के चोरी की घटनायें करने से ग्रामीणों में दहशत फैली है।

पीडित प्रेमचन्द्र ने थाना प्रभारी से कार्यवाही की मांग की तो थाना प्रभारी ने कहा कि जब चोरी होगी, तब कार्यवाही की जायेगी। वहीं बस स्टैण्ड स्थित थाना के पास मानिकचन्द्र की फल की दुकान में भी ताला तोडकर चोर लगभग बीस हजार रुपये की नकदी व अन्य सामान चुरा ले गये।

### सिंहस्थ भूषण महंत प्रेमपुजारी दास का भव्य ढंग से मना जन्मोत्सव




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कामदगिरि प्रदक्षिणा प्रमुखद्वार ट्रस्ट एवं श्री रामझरोखा ट्रस्ट के श्री श्री 1008 सिंहस्थ भूषण श्री महंत प्रेमपुजारी दास जी महाराज के जन्मोत्सव पर कामदगिरि पीठाधीश्वर स्वामी श्री रामस्वरुपाचार्य जी महाराज एवं संत श्री मदनगोपाल दास महाराज की अगुवाई में श्री रामनाम अखंड संकीर्तन हुआ।

शनिवार को श्री कामदगिरि प्रमुख द्वार के संत मदनगोपाल दास की अगुवाई में प्रेमपुजारी दास का जन्मोत्सव मनाया गया। विशाल शोभायात्रा के बाद व्याख्यान माला में संत श्री सीताशरण, बलराम दास, गोविन्द दास, सचिदानन्दशरण, बालकदास, माधव दास, मनोहर दास, राघव दास, बाबा रामदास ब्रम्हचारी जी, भगवानदास श्रृंगारी जी, राजीव लोचन दास, रामविष्णू दास शामिल रहे। नगर में शोभा यात्रा में अन्य जिलों के हजारों संत शामिल रहे। आद्य रामानन्दचार्य एवं साकेतवासी सिंहस्थ भूषण प्रेमपुजारी दास जी के धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक योगदान पर संतों ने व्याख्यान दिया।

इसके बाद विशाल भंडारे में लोगों ने प्रसाद चखा। भंडारे के बाद संतों को शाल, श्रीफल, कामतानाथ की तस्वीर देकर सम्मानित किया गया।

### एसपी ने दिखाई संवेदनशीलता, मनाया महिला सिपाही का जन्मदिन



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की संवेदनशीलता उस समय देखने को मिली, जब कोतवाली कर्वी में तैनात महिला सिपाही पारुल श्रीवास्तव के जन्मदिन की जानकारी मिली। उन्होंने महिला सिपाही पारुल को बर्थडे विश कर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के सामने केक मंगवाकर जन्मदिन मनाया।

शनिवार को कोतवाली कर्वी में थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला को महिला सिपाही पारुल श्रीवास्तव के जन्मदिन की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल विश कर-के बर्थडे केक मंगवाकर जिलाधिकारी के साथ महिला सिपाही का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। जिलाधिकारी समेत सभी अधिकारीगणों व पुलिस कर्मियों ने केक काटकर महिला सिपाही को बधाई दी।

इस मौके पर कर्वी कोतवाल अवधेश कुमार मिश्रा, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल, चैकी प्रभारी शिवरामपुर रजोल नागर आदि मौजूद रहे।

### पछुआ हवाओं से फिर गिरेगा तापमान, बढ़ेगी गलन

**कानपुर।** हवाओं की दिशाएं उत्तरी पूर्वी होने से बीते दो दिनों में तापमान सामान्य से अधिक हो गया। 24 डिग्री तापमान से लोगों को भीषण सर्दी से कुछ राहत मिली, लेकिन शनिवार से फिर से पछुआ हवाएं चलने लगी। इससे एक बार कानपुर में फिर गलन बढ़ेगी जो 19 जनवरी तक जारी रहेगी। मौसम विभाग का कहना है कि बर्फीली हवाओं के चलने से कानपुर में शीतलहर की स्थिति बन रही है।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ पूर्व की ओर चला गया है। प्रेरित चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र राजस्थान के उत्तरी भागों पर बना हुआ है। अगले 24 घंटों के दौरान, उत्तर पश्चिम और मध्य भारत के तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आ सकती है, जिससे राजस्थान के कुछ और हिस्सों और हरियाणा के कुछ हिस्सों में शीत लहर की स्थिति पैदा हो सकती है। कर्नाटक के आंतरिक हिस्सों और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी शीत लहर की स्थिति देखी जा सकती है। पश्चिमी हिमालय पर जारी बारिश और हिमपात की गतिविधियां बंद हो जाएंगी। अरुणाचल प्रदेश में हल्की बारिश और हिमपात हो सकता है और पूर्वी असम में भी हल्की बारिश की संभावना है। कानपुर मण्डल में सर्द हवाओं के कारण शीत लहर की स्थित बन सकती है और तापमान भी गिरेंगे जिससे सर्दी भी बढ़ेगी।

बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 23.4 और न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 97 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 41 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम रहीं जिनकी औसत गति 2.6 किमी प्रति घंटा रही। मौसम पूवार्नुमान के अनुसार अगले पांच दिनों में साफ आसमान रहने के कारण वर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा प्रातः काल व रात्रि के समय शीत लहर/हल्के से मध्यम कोहरा छाए रहने के आसार हैं।

# मकरसंक्रान्ति पर जुटे लाखों श्रद्धालु

## मन्दाकिनी में डुबकी लगाकर किया खिचड़ी दान

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मकरसंक्रान्ति पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी में डुबकी लगाकर खिचड़ी व तिल का दान किया। श्रद्धालुओं ने कामतानाथ की परिक्रमा लगाई। धूप निकलने कक बावजूद शीतलहर से श्रद्धालु कांपते रहे। प्रशासन ने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये थे। पहाड़ी व भरतकूप क्षेत्र में लगे पांच दिवसीय मेले का लोगों ने लुत्फ उठाया।

शीतलहर के बीच शनिवार को मकरसंक्रान्ति पर्व पर मन्दाकिनी में डुबकी लगाने लाखों श्रद्धालु पहुंचे। पुरोहितों के अनुसार मकरसंक्रान्ति पर्व आज व कल भी चलते उत्साहपूर्वक मनाया गया। तीर्थस्थल में मकरसंक्रान्ति पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर के पुलघाट व मन्दाकिनी रामघाट में लाखों ने डुबकी लगाकर चावल व मूंग की दाल मिलाकर खिचड़ी दान किया। शहर व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने कामदगिरि की परिक्रमा की। घाट किनारे लगी दुकानों में बच्चों ने जमकर खरीदारी की।

हनुमानधारा, भरतमिलाप, गुप्त गोदावरी, स्फटिक शिला, सूरजकुण्ड, बाल्मीकि आश्रम पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर गरीबों के खिचड़ी दान दी। भरतकूप के ऐतिहासिक कुयें के जल से स्नान करने के देर शाम तक हजारों श्रद्धालु जमा रहे।



मान्यता है कि भरत जी ने भगवान राम के राज्याभिषेक के लाये गये सभी तीर्थां का जल इसी कुयें में डाला था। इससे कुयें के पानी से स्नान करना पुण्यकारी माना जाता है।

बताते हैं कि मकरसंक्रान्ति पर तिल का विशेष महत्व है। तिल के उबटन से नहाने, दीन-दुखियों को तिल का लड्डू दान करने से पुण्य प्राप्त होता है। तिल की आहुति देकर तिलचं कच खाने से व्यक्ति साल भर स्वस्थ्य व प्रसन्न तथा पापरहित रहता है। मऊ व राजापुर कस्बे कक तुलसी घाट पर हजारों महिला-पुरुषचं ने यमुना में स्नान कर दान दिया।

# पत्थरगढी उखाडने वालों पर करें कडी कार्यवाही: डीएम

## महिला समस्याओं को प्राथमिकता से करें निस्तारित: एसपी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने थाना कोतवाली कर्वी में समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिये।

शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में कोतवाली कर्वी में डीएम-एसपी ने जनसुनवाई में समस्यायें मिलने पर कहा कि ऐसी समस्याओं के निस्तारण शासन की मंशानुसार किये जायें। लाभार्थी को गुणवत्ता के साथ संतुष्टि मिले।




शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाये। उन्होंने नायब तहसीलदार मंगल सिंह को निर्देश दिये कि चकबन्दी की शिकायतें टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पत्थरगढी होने पर पत्थर उखाडने वाले के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाये। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने कर्वी कोतवाल एके मिश्रा से कहा कि महिला समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करें। इस मौके पर नायब तहसीलदार मंगल सिंह समेत संबंधित अधिकारी कानूनगो व लेखपाल मौजूद रहे।

# स्टंटबाजी से न चलायें मोटरबाइक: सीओ यातायात

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सीओ यातायात राजकमल की मौजूदगी में टीएसआई योगेश कुमार यादव की टीम ने सडक सुरक्षा माह अभियान के तहत रोडवेज बस स्टैण्ड पर यात्रियों समेत रोडवेज चालकों आदि को यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिये।

शनिवार को जिला मुख्यालय के रोडवेज बस स्टैण्ड पर यातायात सीओ राजकमल की मौजूदगी में टीएसआई योगेश कुमार यादव की टीम ने रोडवेज बस चालकों, आटो, टैक्सी व अन्य वाहन चालकों के साथ नुक्कड बैठक कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। टीएसआई ने सभी चालकों से कहा कि यातायात नियमों के प्रति सभी लोग सतर्क रहते हुए हादसों से बचें।

उन्होंने सभी को यातायात नियमों का पालन करने को कहा। सीओ यातायात




राजकमल ने वाहन चालकों से कहा कि यातायात नियमों के पालन से ही लोग हादसों से बच सकते हैं। उन्होंने नुक्कड बैठक में यातायात संकेतों के भी पालन के निर्देश दिये। कहा कि कोई समस्या होने पर तत्काल यातायात पुलिस को बतायें। दो व चार पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

तेज गति से वाहन न चलायें। सीओ यातायात राजकमल ने कहा कि तेजी व लापरवाही या स्टंटबाजी करते हुए मोटरबाइक न चलायें। ज्यादातर देखा गया है कि नवयुवक लापरवाही से या स्टंटबाजी करते हुए दोपहिया वाहन चलाते हैं, जो खतरे से खाली नहीं है। इस मौके पर यातायात प्रभारी मनोज कुमार भी मौजूद रहे।

# खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए : अनुप्रिया

**मीरजापुर।** केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने शनिवार को मड़िहान क्षेत्र के करौंधा गांव स्थित शिवाजी स्टेडियम क्रिकेट टूनार्मेंट के समापन के अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है।

उन्होंने कहा कि आप जिस उम्र में चाहें खेल सकते हैं। खेलना स्वास्थ्यवर्धक होता है। खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए। यदि हर व्यक्ति खेलों में रूचि ले तो यह बेहतरीन होगा। भाजपा सरकार निरंतर आम जनमानस को खेलों के प्रति रूचि बढ़ाने का कार्य कर रही है। शिवाजी स्टेडियम क्रिकेट टूनार्मेंट के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि दो जनवरी से क्रिकेट टूनार्मेंट की शुरूआत हुई। इसमें लखनऊ, वाराणसी, गाजीपुर,



मऊ, सोनभद्र, चंदौली, प्रयागराज जैसे कई जिलों से 16 टीमों ने प्रतिभा किया। शनिवार को समापन के अवसर पर वाराणसी व सोनभद्र के बीच फाइनल मैच खेला गया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने विजेता टीम वाराणसी को विजयी ट्रॉफी व 15 हजार रुपये का पुरस्कार व उपविजेता सोनभद्र की टीम को ट्रॉफी व 10 हजार से पुरस्कृत किया।

**सांसद निधि से हुआ स्टेडियम का विकास**

सांसद ने कहा कि दो साल पूर्व यहां क्रिकेट टूनार्मेंट में आने पर मेरे सामने स्टेडियम के विकास की मांग रखी गई थी। हमने सांसद निधि के तहत 28 लाख की निधि से शिवाजी स्टेडियम का विकास करवाया। स्टेडियम का भव्य मंच एवं बाउंड्री संबंधित का निर्माण कराया गया। इसकी लाइटिंग की व्यवस्था भी जल्द करायी जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### अवैध असलहों से लैस है एके-47 गैंग का प्रत्येक सदस्य - लूट मारपीट की घटनाओं को देते हैं अंजाम

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे में उभर रहा एके-47 गैंग का प्रत्येक सदस्य अवैध असलहो से लैस है। ग्रुप में असलहों सहित फोटो शेयर करना इनका शौक है। गैंग में आधा सैकड़ा से ज्यादा युवक शामिल है। यह मौका पाकर लूट, मारपीट जैसी जघन्य घटनाओं को अंजाम दे देते हैं। इनका सरगना जिला बदर अपराधी है।

एके-47 गैंग बनाकर कस्बे में दहशत पैदा करने वाले गैंग का प्रत्येक सदस्य अवैध असलहों से हमेशा लैस रहता है। असलहों सहित फोटो शेयर करना इनका शगल है।

यह के ग्रामीणों का आरोप है कि यह गैंग कस्बे में मौका पाकर मारपीट, लूट जैसी जघन्य घटनाओं को अंजाम देकर भूमिगत हो जाता है। इस गैंग के सरगना रामजी ठाकुर के खिलाफ थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं। यह जिलाबदर है। विगत दिवस इस गैंग ने कस्बे में चार लोगों को जमकर पीटा था। इनमें एक आरएसएस का कार्यकर्ता भी शामिल था। पुलिस ने इस मारपीट का मुकदमा भी कायम किया था। लेकिन किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। क्योंकि घटना के बाद से सभी भूमिगत है।

इसके बाद इन्होंने हाईवे से गुजरते समय चार पहिया वाहन से फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल किया था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस की नजरें इस गैंग के प्रति टेढ़ी हुई है। गैंग के पांच सदस्यों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। मुख्य आरोपी सहित अन्य सदस्य फरार है। पुलिस इनको दबोचने के लिए छापेमारी कर रही है।

### एक्शन में डीआईजी : प्राइवेट नर्सिंग होम के दलालों पर चाबुक, छह प्राइवेट एम्बुलेंस संचालक व दलालों को हिरासत में लेकर भेजा थाने

**झांसी।** देश भर में केवल झांसी वह स्थान है,जहां महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के आसपास बड़ी संख्या में प्राइवेट नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं। जिसको लेकर यहां दलालों का



जमावाड़ा लगा रहता है जो मेडिकल कॉलेज आने वाले मरीजों को प्राइवेट नर्सिंग होम भेज कर अच्छा खासा कमीशन कमा लेते हैं। इसकी लगातार मिल रही शिकायतों पर शनिवार को डीआईजी एक्शन में आ गए और मेडिकल कालेज क्षेत्र में अचानक ताबड़तोड़ छापेमारी कर दी। छापेमारी में आधा दर्जन एंबुलेंस संचालक और दलालों को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया गया। इस कार्यवाही से वहां हड़कंप मच गया।

शनिवार को डीआईजी जोगेंद्र सिंह, एसएसपी राजेश एस, सीओ सिटी अवनीश गौतम व नवाबाद थाना का भारी पुलिस बल मेडिकल कालेज और आस पास छापेमारी कर मरीजों को मेडिकल कालेज से प्राइवेट अस्पताल में बेचने का कार्य करने वाले प्राइवेट एम्बुलेंस संचालक दलालों को हिरासत में ले लिया। इस कार्यवाही से वहां हड़कंप मच गया।

डीआईजी ने कहा कि वह जनता और मरीजों से अपील करते है,कि कोई भी नकली दवा या महंगे दामों में दवा बेच रहा है या कोई दलाल मेडिकल कालेज से अच्छा इलाज दिलाने का झांसा देकर प्राइवेट अस्पताल ले जा रहा है तो इसकी सूचना उन्हें तत्काल दी जाए, वह कार्यवाही करेंगे।

डीआईजी ने कहा कि मरीज की खरीद फरोख्त में प्राइवेट अस्पताल और दलालों के बीच बने इस पूल को तोड़ने के लिए वह सर्विलांस टीम और पुलिस टीम लगाकर कार्यवाही करेंगे।

### मौसम के बदलाव से फसलों में बढ़ा कीट पंतगों का प्रकोप

**हमीरपुर।** मौसम में बार-बार हो रहे बदलाव से फसलों की सेहत गड़बड़ाने लगी है। दलहनी और तिलहनी फसलें कीट पतंगों की भरमार होने से प्रभावित हो रही है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

इस माह में मौसम में बार-बार बदलाव होने, आए दिन हवाओं की दिशा बदलने से दलहनी और तिलहनी फसलों में दुष्प्रभाव दिखने लगे हैं। किसान परशुराम यादव, सुरेश यादव, सुरेश मिश्रा, नवीन सिंह, इंद्रपाल सिंह, सौरभ सिंह, रामदयाल, दुलीचंद,राजाराम, रजवा यादव,सुघर सिंह, श्याम नारायण यादव आदि ने बताया कि पछुआ हवा के विपरीत हवाएं बहने से मटर, मसूर,सरसों, चना में माहू के साथ सूंडी का प्रकोप बढ़ा है। बिन बरसात कोहरा पड़ने तथा अत्यधिक ठंड होने से फसलें लगातार प्रभावित हो रही हैं। फसलों को ठंड कोहरा नहीं बल्कि पानी और धूप की जरूरत है। बार-बार मौसम के परिवर्तन से फसलें खराब होने का खतरा है।

कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित शुक्ला ने कहा कि मौसम का बदलाव फसलों को प्रभावित कर रहा है। इस तरह के मौसम से कीटों का प्रभाव बढ़ता है और फसलों को बचाने के लिए किसानों को दवा का छिड़काव करना पड़ेगा। इससे किसानों का बजट प्रभावित होता है।

# अध्ययन में दावा, चीन में 90 करोड़ लोग कोरोना संक्रमित

**बीजिंग।** चीन में 90 करोड़ लोग कोरोना संक्रमित हैं। यह दावा पेकिंग यूनिवर्सिटी की ओर से किए गए अध्ययन में किया गया है। अध्ययन के अनुसार दो जनवरी तक चीन में करीब 900 मिलियन ( 90 करोड़) लोग कोरोना वायरस की चपेट में आ चुके हैं जोकि कुल आबादी का करीब 64 फीसदी है। यूनिवर्सिटी की स्टडी के मुताबिक चीन के गांसुप्रांत के 91 फीसदी लोग कोरोना संक्रमित हैं जबकि युन्नान और किन्हाई के क्रमशः 84 और 80 फीसदी लोग कोरोना से संक्रमित हैं।

यूनिवर्सिटी की यह स्टडी चीन के एक शीर्ष महामारी विज्ञानी के चेतावनी के बाद है जिसमें कहा गया था कि कोरोना के मामले अब ग्रामीण इलाकों में बढ़ेंगे और महामारी की लहर दो से तीन महीने तक रहने की उम्मीद है। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज



कंट्रोल के पूर्व प्रमुख जेंग गुआं गुग ने यह चेतावनी दी चीनी लूनर न्यू ईयर से पहले अपने गृहनगर की यात्रा करने के मद्देनजर दी है।

जेंगु ने यह भी कहा था कि अब समय ग्रामीण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में कई बुजुर्ग बीमार और विकलांग है और कोरोना में मिलने वाले उपचार से पीछे छूट रहे हैं। चीन की ओर से पिछले साल दिसंबर में कोरोना वायरस के लिए अपनाई गई जीरो कोविड नीति में ढील देने के बाद मामलों में अचानक बढ़ोतरी देखने को मिली है। चीन में लूनर न्यू ईयर की छुट्टियां आधिकारिक तौर पर 21 जनवरी से शुरू होती है। छुट्टियों में दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक प्रवास भी होता है जहां लोग अपने गांवों और घरों को जाते हैं।

इस साल करीब दो अरब यात्राएं होने की उम्मीद हैं। कई लाख लोग तो पहले ही यात्रा कर चुके हैं। चीन में कोरोना वायरस के हालात बेहद नाजुक बताए जा रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों के लिए जगह नहीं बची है। यहां तक अंतिम संस्कार के लिए भी लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

# व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन को नहीं पता कि उन्हें यहां मिले गोपनीय दस्तावेजों में क्या है

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति जो. बाइडन इस बारे में नहीं जानते कि उनके निजी आवास एवं निजी कार्यालय के गैराज में मिले गोपनीय दस्तावेजों में क्या है और उन्होंने इस घटना को ''काफी गंभीरता'' से लिया है।

अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने वाशिंगटन, डीसी में पेन बाइडन सेंटर और विलमिंगटन, डेलवेयर में राष्ट्रपति के निजी आवास में मिले गोपनीय दस्तावेजों की जांच के लिए रॉबर्ट हूर को विशेष अधिकारी नियुक्त किया है।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन-पियरे ने बृहस्पतिवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अमेरिकी लोगों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रपति ने कहा है कि वह गोपनीय दस्तावेजों और सूचनाओं को बहुत गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इस बारे में कुछ



भी कहने से नहीं कतराएंगे और वह घटना को लेकर खुद आश्चर्यचकित हैं। बाइडन के सहयोगियों को जो गोपनीय दस्तावेज मिले हैं, वे संभवतः 2009 से 2016 तक उनके उपराष्ट्रपति रहने के दौरान के हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने कहा, ''वह (राष्ट्रपति) नहीं जानते कि दस्तावेजों में क्या है। इन दस्तावेजों को उनके यहां मिलने के तुरंत बाद न्याय विभाग के अभिलेखागार में भेज दिया गया।'' ओबामा प्रशासन के समय के माने जा रहे इन गोपनीय दस्तावेजों के बाइडन के यहां मिलने से देश में राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया है और इसकी तुलना बाइडन के पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप से की जा रही है। सीनेट न्यायिक समिति के अध्यक्ष डिक डर्बिन ने कहा कि दोनों घटनाओं में अंतर है।

उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने जहां सैकड़ों गोपनीय दस्तावेजों को बरामद करने के प्रयासों में बार-बार बाधा डालने का प्रयास किया, वहीं राष्ट्रपति बाइडन की टीम ने तुरंत राष्ट्रीय अभिलेखागार को रिकॉर्ड सौंप दिया। इस बीच, कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने राष्ट्रपति बाइडन से उन सभी लोगों के नाम जारी करने की मांग की, जिन्होंने डेलवेयर स्थित उनके घर का दौरा किया था।

# यूएन चीफ ने कहा कि नियम-आधारित व्यवस्था के अराजक होने का खतरा है

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने चेतावनी दी कि नियम आधारित व्यवस्था के ''अराजक व्यवस्था'' में तब्दील होने का गंभीर खतरा है। उन्होंने यह बात यूक्रेन पर रूस के आक्रमण, अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में तख्तापलट, उत्तर कोरिया के अवैध परमाणु हथियार कार्यक्रम और अफगानिस्तान में महिलाओं एवं लड़कियों के अधिकारों पर तालिबान शासन के कुठाराघात जैसी घटनाओं को रेखांकित करते हुए कही। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने म्यांमा में सेना द्वारा फरवरी 2021 में आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार को अपदस्थ किए जाने और हैती में कमजोर कानूनी व्यवस्था का भी उदाहरण दिया।गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, सबसे छोटे गांव से लेकर वैश्विक मंच तक, शांति और स्थिरता तथा सत्ता और संसाधनों के लिए एक क्रूर संघर्ष के बीच नियम आधारित व्यवस्था ही खड़ी है। महासचिव ने कहा कि दुनिया के हर क्षेत्र में लोग संघर्षों, हत्याओं, बढ़ती गरीबी और भूख का प्रभाव झेल रहे हैं, जबकि देश अवैध रूप से बल प्रयोग करने और परमाणु हथियार विकसित करने सहित अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। नियम आधारित व्यवस्था के उल्लंघन के एक उदाहरण के रूप में, गुतारेस ने सबसे पहले रूस द्वारा 24 फरवरी को यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने की ओर इशारा किया। इसके बाद, गुतारेस ने 2022 में इजराइल-फलस्तीन से संबंधित झड़पों में लोगों के मारे जाने की घटनाओं की निंदा की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य देशों से संयुक्त राष्ट्र चार्टर और मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा के मूल्यों को बनाए रखने, अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने और विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने का आग्रह किया। नियम आधारित व्यवस्था को मजबूत करने पर आयोजित परिषद की बैठक की अध्यक्षता जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी ने की। हयाशी ने कहा, आज, हम यूरोप में युद्ध और संघर्ष, हिंसा, आतंकवाद और भू-राजनीतिक तनाव से घिरे हुए हैं, जो अफ्रीका से लेकर मध्य पूर्व तक और लातिन अमेरिका से लेकर एशिया प्रशांत तक है।

## पेरू में सरकार विरोधी प्रदर्शन, 329 गिरफ्तार

**लीमा।** पेरू में सरकार के विरोध में प्रदर्शन करने वाले 329 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक नाबालिग भी है। यह जानकारी अटॉर्नी जनरल कार्यालय ने दी। इस कार्यालय के मुताबिक इन लोगों के खिलाफ दंगे, हिंसा और सार्वजनिक सेवाओं के



कामकाज में बाधा डालने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि पेरू की संसद में 07 दिसंबर, 2022 को पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो पर महाभियोग चलाने के बाद उन्हें तख्ता पलटने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने महाभियोग का सामना करने से पहले संसद को भंग करने की कोशिश की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री दीना बोलुआर्टे को देश का नया नेता नियुक्त किया गया था। इन घटनाओं से पूरे देश में विरोध की लहर दौड़ गई। प्रदर्शनकारी तत्काल राष्ट्रपति चुनाव कराने और संसद को भंग करने की मांग कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस से हुई झड़प में 48 लोगों की जान भी जा चुकी है।

## दंगों में पूर्व राष्ट्रपति की भूमिका की जांच करेगा सुप्रीम कोर्ट, हिंसा भड़काने के लगे आरोप

**वाशिंगटन।** ब्राजील की राजधानी ब्राजीलिया में बीते दिनों दंगे हुए थे, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के समर्थकों ने देश की संसद में घुसकर उत्पात मचाया था। अब उस मामले की जांच में ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति को भी शामिल करने की मंजूरी दे दी है। दरअसल इस मामले में अभियोजक ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की थी कि जेयर बोल्सोनारो को भी जांच के घेरे में लिया जाए, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अभियोजक पक्ष ने आरोप लगाया कि पूर्व राष्ट्रपति ने 10 जनवरी को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें मतदान में धांधली के आरोप लगाए गए थे। हालांकि कुछ घंटे बाद ही जेर बोलसनारो ने यह वीडियो डिलीट कर दिया था।

अभियोजक ने अदालत में कहा कि यह वीडियो नागरिक विद्रोह को भड़काने की ताकत रखता है। आरोप है कि जेयर बोल्सोनारो ने अलोकतांत्रिक प्रदर्शनों को बढ़ावा दिया। बता दें कि बीती 8 जनवरी को ब्राजील की राजधानी ब्राजीलिया में जेर बोलसनारो के समर्थक ब्राजीली संसद, सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति भवन में घुस गए थे। जहां प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की। दरअसल प्रदर्शनकारी चाहते थे कि ब्राजीली सेना जेयर बोल्सोनारो को फिर से सत्ता में लेकर आए और नए चुने गए वामपंथी राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा को पद से हटाए। जेयर बोल्सोनारो के खिलाफ अलोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शनों को भड़काने और राजधानी में तोड़फोड़ और दंगे के मामले में जांच हो सकती है।

# अमेरिका-जापान ने दोहराया भारत प्रशांत पर आसियान आउटलुक का समर्थ

**द्विपक्षीय वार्ता के बाद जो बाइडन और फुमियो किशिदा का संयुक्त बयान जारी**

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान ने भारत प्रशांत पर आसियान आउटलुक का अपना समर्थन दोहराया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की लंबी द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि यह हमारे गठबंधन और जापान भारत-प्रशांत और दुनिया के लिए ऐतिहासिक क्षण है। संयुक्त बयान में जोर देकर कहा गया है कि हम आसियान केंद्रीयता और एकता के साथ-साथ भारत-प्रशांत पर आसियान आउटलुक का समर्थन करना जारी रखेंगे। हम सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में जापान, कोरिया गणराज्य और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले एक संयुक्त ओवल ऑफिस मीडिया की उपस्थिति में बाइडेन ने कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ जब अमेरिका जापान के करीब रहा हो। संयुक्त बयान में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया और



भारत के साथ मिलकर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि क्वाड वैश्विक स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, जलवायु, उभरती प्रौद्योगिकियों और समुद्री डोमेन जागरूकता पर परिणाम देकर क्षेत्र को लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अच्छे कार्य के लिए एक बल बना रहे हैं। इसके अलावा दोनों देशों ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि हमारी नींव के रूप में एक अटूट द्विपक्षीय संबंध के साथ काम करेंगे। जिससे हम भारत-प्रशांत और दुनिया के लाभ के लिए, क्षेत्र में और उससे आगे भी दूसरों के साथ सहयोग करेंगे।

## इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत बेंगकुलु में भूकंप के झटके




**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत बेंगकुलु में शनिवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। मौसम , जलवायु विज्ञान और भू-भौतिकी एजेंसी ने यह जानकारी दी।

एजेंसी ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार शनिवार सुबह पांच बजकर 41 मिनट पर आया और रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र कौर जिले से 55 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और समुद्र तल के नीचे 18 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप से सुनामी का खतरा नहीं है। जानमाल के नुकसान की अब तक कोई सूचना नहीं है।

# डोनाल्ड ट्रंप की कंपनियों पर 13 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कंपनियों पर कर धोखाधड़ी के केस में स्थानीय एक अदालत ने 16 लाख डॉलर (13 करोड़ लगभग) का जुर्माना लगाया है। ट्रंप की कंपनी को पिछले माह षडयंत्र और व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी सहित 17 कर अपराधों के लिए दोषी पाया गया।

ट्रंप आर्गेनाइजेशन की सहायक कंपनियों ट्रंप कॉर्प और ट्रंप पेरोल कॉर्प पर आठ लाख दस हजार डॉलर और आठ लाख डॉलर का जुर्माना किया गया है। अदालत ने 14 दिन के भीतर जुर्माने की राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं।

जानकारों के मुताबिक जुर्माना ट्रंप टॉवर के एक अपार्टमेंट की कीमत से भी कम है। इसलिए कंपनी की भविष्य की योजनाओं पर कोई बड़ा असर पड़ने की संभावना नहीं है। ट्रंप की



कंपनी ने कहा है कि इस निर्णय के खिलाफ सक्षम अदालत में अपील की जाएगी। इससे पहले ट्रंप आर्गेनाइजेशन के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी एलन वीसेलबर्ग ने 17 लाख डॉलर की कर चोरी का अपराध स्वीकार किया था। उन्हें पांच माह की सजा सुनाई जा चुकी है। वीसलवर्ग को कंपनी की तरफ से रहने के लिए मुफ्त अपार्टमेंट, कार और भारी भरकम पैसा मिलता था।

# आर्थिक संकट से मुक्ति को सात साल में सेना की ताकत आधी करेगा श्रीलंका

**कोलंबो।** भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहा श्रीलंका अगले सात साल में सेना की ताकत को आधा कर देगा। श्रीलंका की सरकार ने इस घोषणा के साथ वर्ष 2030 तक तकनीकी और सामरिक रूप से मजबूत और संतुलित रक्षा बल तैयार करने की बात कही है। श्रीलंका की सरकार ने वर्ष 2023 के लिए प्रस्तावित बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 539 अरब रुपये का आवंटन किया था। इसके विपरीत स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए 300 अरब रुपये आवंटित किये गए हैं। पिछले 75 वर्ष में सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंकाई सरकार को इस बजट आवंटन पर आलोचना का शिकार होना पड़ा। कहा गया कि सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य की तुलना में रक्षा क्षेत्र पर अधिक खर्च करने का फैसला लिया है। इस आलोचना के बीच श्रीलंका ने अगले सात वर्षों में सेना की



मौजूदा ताकत को घटाकर आधा करने की घोषणा की है। श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि वर्ष 2030 तक श्रीलंका के सैन्य बलों की संख्या को घटाकर एक लाख के आसपास लाया जाएगा, जो इस समय दो लाख के आसपास है। बयान में अगले साल ही इस संख्या बल को 1,35,000 तक सीमित करने की बात कही गयी है। श्रीलंका के रक्षा मंत्री प्रमिथ बंडारा टेनाकून ने श्रीलंकाई सेना की अगले सात वर्षों की योजना का रणनीतिक खाका जारी करते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आगामी सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए वर्ष 2030 तक तकनीकी और सामरिक रूप से मजबूत और संतुलित रक्षा बल तैयार करना है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम्**

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: **9565333000**

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## बैंक कर्मचारियों की 30-31 जनवरी को देशव्यापी हड़ताल

**नई दिल्ली।** बैंक कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर दो दिन की देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। बैंक कर्मचारियों के संगठनों का संयुक्त मंच यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने कई मांगों को लेकर 30 जनवरी से दो दिन की हड़ताल पर रहने की घोषणा की है। यूएफबीयू ने शुक्रवार देर रात एक बयान में कहा कि मुंबई में हुई बैठक के दौरान भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की ओर से मांगों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने की वजह से हमने 30 और 31 जनवरी को देशव्यापी हड़ताल करने का फैसला किया है।

# अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक बोलीं, दुनिया में आर्थिक सुस्ती के बीच भारत पर भरोसा

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को दुनिया भर में बढ़ रहे आर्थिक संकट के बीच भारत से उम्मीद की किरण नजर आ रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जियोर्जिएवा ने साफ कहा है कि दुनिया में आर्थिक सुस्ती के बीच उन्हें भारत पर पूरा भरोसा है।

दुनिया की आर्थिक स्थितियों पर मीडिया से बात करते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जियोर्जिएवा ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया आर्थिक सुस्ती के साथ अनेक प्रकार के संकटों का सामना कर रही है। ऐसे में हमें दुनिया की बीस प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के समूह, जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत पर काफी भरोसा है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक औसत से बेहतर प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल है। दुनिया के लिए एकीकृत वैश्विक अर्थव्यवस्था की रक्षा करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण समय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत पूरी दुनिया को एक साथ रखते हुए व्यापक रूप से वैश्विक सेवा करेगा।

भारत के डिजिटलीकरण की सराहना करते हुए क्रिस्टालिना जियोर्जिएवा ने कहा, पूरी दुनिया देख रही है कि भारत ने बहुत



अच्छी तरह से देश में डिजिटलीकरण को सरकारी व निजी क्षेत्र में लागू कर दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना भी जी-20 की प्राथमिकताओं में से एक है। डिजिटलीकरण से हर किसी को जोड़ कर विकास और रोजगार के स्रोत मजबूत किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत निश्चित रूप से विकास को प्रभावित करता है। भारत के दो पड़ोसी देश श्रीलंका और पाकिस्तान अस्थिरता से जूझ रहे हैं। चीन भी नाटकीय रूप से धीमा हो गया है। इन स्थितियों का प्रभाव पूरे एशिया में दिख रहा है।

दुनिया की आर्थिक स्थितियों पर मीडिया से बात करते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जियोर्जिएवा ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया आर्थिक सुस्ती के साथ अनेक प्रकार के संकटों का सामना कर रही है। ऐसे में हमें दुनिया की बीस प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के समूह, जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत पर काफी भरोसा है।